You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 अंक-64 शनिवार, 04 अप्रैल 2026 नगर संस्करण लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब एवं उत्तराखंड में प्रसारित मूल्य- ₹ 3.00 पृष्ठ-12



उज्जैन वह स्थान है जहां अध्यात्म और विज्ञान के बीच की दूरी समाप्त हो जाती है और एक नई दृष्टि का जन्म होता है। भारत के जितने भी प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र हैं, चाहे वह उज्जैन हो, काशी हो, कांची हो या पुरी धाम, सभी भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित ऐसी 'जीती-जागती प्रयोगशालाएं' हैं।

धर्मेंद्र प्रधान

रामगढ़ में जंगली हाथियों ने तीन ग्रामीणों को कुचलकर मारा 08

अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालय में ही भेजे अभिभावक : अर्चना द्विवेदी 12

मुख्यमंत्री बरपेटा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस एवं एआईयूडीएफ पर जमकर निशाना साधा

# असम को नहीं बनने देंगे लव जेहाद एवं लैंड जेहाद की धरती

एजेंसी

बरपेटा (असम)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को असम में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार दीपक कुमार दास के पक्ष में बरपेटा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस एवं एआईयूडीएफ पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव के पहले ही मैदान छोड़कर भाग गई, जबकि एआईयूडीएफ को भी बंगाल की खाड़ी में फेंकने का समय आ गया है।

उन्होंने असमवासियों से एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनाने का आह्वान किया और कहा कि घुसपैठियों को बाहर करना है और असम की डेमोग्राफी को बदलने नहीं देना है। राजग का संकल्प है कि असम को लव जेहाद-लैंड जेहाद की धरती नहीं बनने देंगे। यहां घुसपैठ नहीं होने देंगे। कांग्रेस व यूडीएफ की घुसपैठियों के जरिये डेमोग्राफी बदलने की साजिश सफल नहीं होने देंगे। एक-एक घुसपैठी को चिह्नित कर यहां से बाहर करने की भी व्यवस्था हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने तय किया है कि असम को घुसपैठ का अड्डा नहीं बनने देंगे और दंगाइयों को निकाल बाहर करेंगे। कांग्रेस एवं एआईयूडीएफ को जब भी अवसर मिला, इन्होंने भारत व भारतीयता को अपमानित किया। एआईयूडीएफ असम में घुसपैठ की जननी है। घुसपैठियों के बल पर असम की सत्ता पर कब्जा करना चाहती है। कांग्रेस उनकी सहयोगी बनकर असम की संस्कृति से खिलवाड़ कर रही है। वहीं राजग सरकार असम की सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करते हुए हर घुसपैठिए को बाहर कर डेमोग्राफी को चेंज करने की साजिश को विफल कर रही है।

उन्होंने असमवासियों को रंगाली बिहू उत्सव की शुभकामना देते हुए असम को भारत के गौरव की धरा बताया और कहा कि हर भारतवासी यहां मां कामाख्या के दर्शन करने आता है। यहां की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक व समृद्ध परंपरा ने 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में महती भूमिका का निर्वहन किया है। वैष्णव परंपरा में श्रीमंत शंकर देव व माधव देव की पावन धरा ने नई ऊंचाई के साथ इसे एकता, भक्ति व मानवता के संदेश की भूमि के रूप में परिवर्तित किया है।

असम का काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एक सींग वाले गैंडों के साथ जैव विविधता के लिए जग विख्यात है। अहोम राजवंश ने इसी पावन धरा में विदेशी आक्रांताओं के छक्के छुड़ाकर अहोम की समृद्ध संस्कृति को नई ऊंचाइयों तक ले जाकर भारत की रक्षा में योगदान दिया था। अहोम राजवंश के महान नायक लचित बोरफुकन का अदम्य साहस, शौर्य व पराक्रम भारतीय युवाओं के लिए प्रेरणा रहा है। असम ने मेहनत, परिश्रम व पुरुषार्थ से चाय की चुस्की को दुनिया तक पहुंचाया। असम अब चाय के साथ चिप के उत्पादन की केंद्रभूमि भी बन रही है।



- उन्होंने कहा कि कांग्रेस चुनाव के पहले ही मैदान छोड़कर भाग गई, जबकि एआईयूडीएफ को भी बंगाल की खाड़ी में फेंकने का समय आ गया है
- मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने तय किया है कि असम को घुसपैठ का अड्डा नहीं बनने देंगे और दंगाइयों को निकाल बाहर करेंगे।

### बरपेटा में योगी आदित्यनाथ की चुनावी रैली

बरपेटा (असम)। असम में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को बरपेटा में थे। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी दीपक कुमार दास के समर्थन में विशाल चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कामाख्या मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद रंगाली बिहू की शुभकामनाएं दीं और असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में आदित्यनाथ ने असम को संस्कृति और परंपराओं की पवित्र भूमि बताया। उन्होंने कहा कि यह महान सांस्कृतिक व्यक्तित्व डॉ. भूपेन हजारिका की जन्मभूमि है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भूपेन हजारिका के साथ-साथ असम के प्रथम मुख्यमंत्री गोपीनाथ बरदले को उचित सम्मान देने का श्रेय दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उनकी डबल इंजन की सरकार ने राज्य में सुशासन सुनिश्चित किया है और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है।

# देश से घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध : शाह

एजेंसी



ग्वालपाड़ा (असम)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दुधनाई के कॉलेज ग्राउंड मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा उम्मीदवार टंकेश्वर राभा के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। वह असम विधानसभा चुनाव के मद्देनजर दो दिवसीय दौरे पर असम पहुंचे थे। सभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि भाजपा सरकार देश से अवैध विदेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है और राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ग्वालपाड़ा जिले की सभी चारों विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में असम को अशांत बनाए रखा और राज्य की संस्कृति के संरक्षण के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। इसके विपरीत, उन्होंने कहा कि भाजपा असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर ले जाने का प्रयास कर रही है। सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए शाह ने कहा कि भाजपा शासन में लगभग 10 हजार लोगों को हथियार छोड़कर मुख्यधारा में वापस लाया गया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि 1.5 लाख एकड़ से अधिक भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि आगामी पांच वर्षों में यदि भाजपा सत्ता में लौटती है तो राज्य में कोई हिंसात्मक घटना नहीं होगी। उन्होंने महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपये की आर्थिक सहायता देने और युवाओं के लिए रोजगार सृजन हेतु नए उद्योग स्थापित करने का वादा भी किया।

## मतदान के दिन सभी कर्मचारियों को मिलेगा सवेतन अवकाश : चुनाव आयोग

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने 2026 के राज्यों के विधानसभा चुनाव और उपचुनाव के दौरान मतदान के दिन सभी कर्मचारियों को सवेतन अवकाश देने का निर्देश जारी किया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह सुविधा दैनिक वेतनभोगी और आकस्मिक श्रमिकों पर भी लागू होगी और इस दिन के लिए किसी भी प्रकार की वेतन कटौती नहीं की जाएगी। आयोग ने शुक्रवार को कहा कि असम, केरल, पुडुचेरी, गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में 9 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं तमिलनाडु, गुजरात और महाराष्ट्र में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। पश्चिम बंगाल में मतदान दो चरणों में होगा-पहला चरण 23 अप्रैल को और दूसरा चरण 29 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। आयोग ने बताया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135बी के तहत प्रत्येक मतदाता, जो किसी भी संस्थान, उद्योग या व्यवसाय में कार्यरत है, मतदान के दिन सवेतन अवकाश का हकदार होगा। यदि कोई नियोक्ता इस प्रावधान का उल्लंघन करता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि जो मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र से बाहर काम कर रहे हैं, उन्हें भी मतदान के लिए सवेतन अवकाश मिलेगा, ताकि वे अपने मताधिकार का स्वतंत्र रूप से प्रयोग कर सकें।

## मप्र के कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की विधान सभा सदस्यता खत्म, निर्वाचन क्षेत्र 22-दतिया रिक्त घोषित

भोपाल। मध्य प्रदेश के दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा की सदस्यता खत्म कर दी गई है। इस संबंध में शुक्रवार को विधानसभा सचिवालय ने आदेश जारी कर दिया। जारी आदेश में कहा गया है कि मध्य प्रदेश की सोलहवीं विधान सभा के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 22-दतिया से निर्वाचित सदस्य राजेन्द्र भारती के विरुद्ध विशेष न्यायाधीश दिग्विजय सिंह (पीसी एक्ट) सीबीआई 09 (सांसद/विधायक मामले) राउज एवेन्यू जिला न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा प्रकरण क्रमांक एससी-06-2025 पर पारित निर्णय दिनांक 02 अप्रैल, 2026 द्वारा अपराध सिद्ध होने के फलस्वरूप तीन वर्ष के कारावास एवं एक लाख रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## संक्षेप

### उपराष्ट्रपति आज बिहार के दौरे पर

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन एक दिवसीय दौरे पर शनिवार, 4 अप्रैल को बिहार जाएंगे। इस दौरान वह कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन 4 अप्रैल को बिहार की यात्रा करेंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वह पश्चिम चंपारण स्थित भीतिहरवा गांधी आश्रम का भी दौरा करेंगे।

### असम में चुनाव प्रचार के लिए आएंगे आनंद मिश्रा

गुवाहाटी। असम-मेघालय कैडर के पूर्व आईपीएस तथा बिहार विधानसभा सदस्य आनंद मिश्रा आगामी दिनों में असम विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न जिलों में चुनाव प्रचार करने के लिए पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, आनंद मिश्रा 5 अप्रैल को तिनसुकिया में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी पुलक गोहाई के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे। इस दौरान वे जनसभाओं को संबोधित करेंगे और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे। इसके बाद 6 अप्रैल को वे लखीमपुर में भाजपा उम्मीदवार मानव डेका के पक्ष में प्रचार अभियान चलाएंगे और स्थानीय मतदाताओं से संपर्क साधेंगे। अपने दौरे के अंतिम दिन 7 अप्रैल को आनंद मिश्रा नगांव में आयोजित एक चुनावी सभा में हिस्सा लेंगे, जहां वे पार्टी के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने का प्रयास करेंगे।

### उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व अन्य ने देशवासियों को गुड फ्राइडे की दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य नेताओं ने शुक्रवार को देशवासियों को गुड फ्राइडे की शुभकामनाएं दीं और यीशु मसीह के सर्वोच्च बलिदान को याद किया। सीपी राधाकृष्णन ने एक्स पर कहा, ब्लगुड फ्राइडे के इस पवित्र अवसर पर, हम यीशु मसीह के बलिदान को याद करते हैं और उनके प्रेम, करुणा तथा क्षमा के शाश्वत संदेश पर मनन करते हैं। उनका जीवन और शिक्षाएं हमें विनम्रता, निस्वार्थता और धार्मिकता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती हैं।

## जनजातीय युवाओं की खेल प्रतिभा राष्ट्र की अमूल्य पूंजी: राष्ट्रपति

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने देश के युवाओं, विशेषकर जनजातीय समुदाय के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्र की अमूल्य सामाजिक पूंजी बताते हुए उन्हें खेलों में सक्रिय भागीदारी और उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया है। एक लेख के माध्यम से अपने विचार साझा करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के ग्रामीण और वन क्षेत्रों में मौजूद प्राकृतिक प्रतिभा को उचित प्रशिक्षण और संसाधनों के जरिए निखारकर देश खेल जगत में नए कीर्तिमान स्थापित कर सकता है। राष्ट्रपति ने जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों की सहज खेल प्रतिभा का उल्लेख करते हुए कहा कि ये बच्चे सीमित संसाधनों के बावजूद प्रकृति के बीच अपने खेल संसार का निर्माण कर लेते हैं। मिट्टी, पेड़ों, बीजों और अन्य प्राकृतिक वस्तुओं का उपयोग करके वे खेल के साधन तैयार करते हैं और पूरे उत्साह के साथ खेलते हैं। उन्होंने कहा कि यह स्वाभाविक रुझान और ऊर्जा यदि आधुनिक प्रशिक्षण और सुविधाओं से जुड़ जाए, तो यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता दिलाने में सक्षम है। उन्होंने उदाहरण देते हुए ओडिशा की 15 वर्षीय खिलाड़ी अंजलि मुंडा का उल्लेख किया, जिसने 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल 2026' में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते और देशभर के युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी उपलब्धियां यह साबित करती हैं कि जनजातीय क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है तो उसे पहचानने और सही दिशा देने की।



- खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता, टीम भावना और आत्मविश्वास को भी विकसित करता है।

### अयोध्या के विकास में परंपरा व आधुनिकता को एक-दूसरे का पूरक बनाना होगा: मनोज सिन्हा

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि किसी भी राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसके वर्तमान से अधिक उसकी पहचान और सभ्यतागत जड़ों में निहित होती है। मनोज सिन्हा ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) में आयोजित तीन दिवसीय अयोध्या पर्व के उद्घाटन समारोह में कहा, ब्लअयोध्या के विकास में परंपरा और आधुनिकता को एक-दूसरे का पूरक बनाना होगा। राष्ट्र का भविष्य उसके अतीत से अलग नहीं होता। यदि हम अपनी जड़ों को समझते हैं और उन्हें आधुनिक संदर्भ में प्रस्तुत करते हैं तब हम न केवल सांस्कृतिक रूप से समृद्ध बनते हैं बल्कि आर्थिक रूप से भी सशक्त होते हैं। तीन से पांच अप्रैल तक चलने वाले इस सांस्कृतिक कार्यक्रम अयोध्या पर्व का आयोजन आईजीएनसीए और श्री अयोध्या पर्व न्यास के संयुक्त तत्वावधान में किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य अयोध्या की ऐतिहासिक गरिमा, लोक परंपराओं और आधुनिक विकास को एक मंच पर लाना है।

उन्नत स्टेल्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' भारत के समुद्री बेड़े में शामिल, नौसेना की ताकत बढ़ी

## हमारी नेवी हमेशा सबसे आगे रहती है : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। आखिरकार लंबे इंतजार के बाद भारतीय नौसेना के समुद्री बेड़े में एडवांस्ड स्टेल्थ फ्रिगेट तारागिरी को शामिल कर लिया गया। विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हाथों कमीशनिंग हुई। तारागिरी को ऐसे समय में शामिल किया गया है, जब भारत के पूर्वी समुद्री तट का रणनीतिक और समुद्री महत्व लगातार बढ़ रहा है। तारागिरी के नौसेना में शामिल होने से हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की निगरानी क्षमता और ऑपरेशनल पहुंच में काफी बढ़ोतरी होगी। प्रोजेक्ट 17ए वर्ग का चौथा स्टेल्थ फ्रिगेट 'तारागिरी' केवल एक जहाज नहीं है, बल्कि यह 'मेक इन इंडिया' की भावना और हमारे स्वदेशी शिपयार्ड की इंजीनियरिंग क्षमताओं का 6,670 टन का अवतार है। मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में निर्मित यह फ्रिगेट पहले के डिजाइनों की तुलना में एक पीढ़ी की छलांग है। 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ यह जहाज घरेलू औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता को उजागर करता है, जो अब 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों में फैला हुआ है। संयुक्त डीजल या गैस प्रणोदन संयंत्र से संचालित तारागिरी को 'उच्च गति-उच्च धीरज' बहुमुखी प्रतिभा और बहुआयामी समुद्री संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। जहाज का हथियार सूट विश्वस्तरीय है, जिसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और एक विशेष पनडुब्बी रोधी युद्ध सूट है। इन प्रणालियों को अत्याधुनिक कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से मूल रूप से एकीकृत किया गया है, जिससे चालक दल सटीकता के साथ खतरों का जवाब दे सकता है। स्टेल्थ फ्रिगेट का लचीला मिशन प्रोफाइल इसे उच्च-तीव्रता वाले मुकाबले से लेकर मानवीय सहायता और आपदा राहत तक के लिए आदर्श बनाता है। भारतीय नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट, विश्वसनीय आत्मनिर्भर बल के तौर पर लगातार बढ़ रही है। तारागिरी उभरते हुए समुद्री पावर और देश की नीली सीमाओं के मजबूत संरक्षक के रूप में अच्छे भविष्य के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी नौसेना चाहे फारस की खाड़ी हो या मलक्का स्ट्रेट, हिंद महासागर में लगातार अपनी मौजूदगी बनाए रखती है। जब भी कोई संकट आता है, चाहे वह निकासी ऑपरेशन हो या मानवीय सहायता देना हो, हमारी नेवी हमेशा सबसे आगे रहती है। हमारी नौसेना भारत के मूल्यों और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। आईएनएस तारागिरी की कमीशनिंग से हमारी नौसेना की ताकत, मूल्यों और प्रतिबद्धता को और मजबूती मिलेगी।



- हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की निगरानी क्षमता और ऑपरेशनल पहुंच में काफी बढ़ोतरी होगी

# ईरान ने अमेरिका के एफ-35 समेत दो विमानों को मार गिराया

एजेंसी

तेहरान। पश्चिम एशिया में 35 दिनों से जारी युद्ध के बीच ईरान ने अपने मध्य हवाई क्षेत्र में अमेरिका के एफ-35 समेत दो लड़ाकू विमानों को मार गिराने का दावा किया है। इसके पहले भी ईरानी सेना ने एक एफ-35 विमान को मार गिराया था। ईरान के प्रेसटीवी और तसनीम न्यूज एजेंसी के मुताबिक इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अमेरिका के इन दो विमानों को मार गिराने का दावा ऐसे समय में किया है जब डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में ईरान की वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट करने की बात कही थी। हालांकि, इस दावे पर अभी तक अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। आईआरजीसी के अनुसार 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध में अब तक अमेरिका के दो एफ-35, एक एफ-18, दो एफ-16 और चार एफ-15 विमानों को मार गिराया गया है। आईआरजीसी ने एक बयान में कहा कि उसके नए विकसित और आधुनिक हवाई सुरक्षा तंत्र ने मध्य ईरान में एक स्टेल्थ एफ-35 लड़ाकू विमान को मार गिराया। हमले में विमान के पूरी तरह से बिखर जाने के कारण पायलट के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। इससे पहले आईआरजीसी ने घोषणा की थी कि क़ेश्म द्वीप के दक्षिण में हवाई सुरक्षा प्रणालियों द्वारा एक और आधुनिक दुश्मन लड़ाकू विमान को निशाना बनाया गया था। वह आधुनिक विमान हॉर्मुज और केश्म द्वीपों के बीच दुर्घटनाग्रस्त हो गया और फ़ारस की खाड़ी में समा गया। विमान को मार गिराने की यह घटना वाशिंगटन की हालिया बयानबाजी का सीधा जवाब थी। आईआरजीसी ने बताया कि डोनाल्ड ट्रंप ने पहले दावा किया था कि अमेरिकी सेनाओं ने ईरान के हवाई सुरक्षा तंत्र को नष्ट कर दिया है। आईआरजीसी के बयान में कहा गया है कि उनकी हवाई सुरक्षा को पूरी तरह से नष्ट होने के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति के झूठे दावे के बाद कुछ ही देर पहले केश्म द्वीप के दक्षिण में नौसेना के आधुनिक हवाई सुरक्षा तंत्र द्वारा एक आधुनिक दुश्मन लड़ाकू विमान को निशाना बनाया गया। इसके पूर्व आईआरजीसी ने 11 मार्च को ईरान के हवाई क्षेत्र में अमेरिकी वायु सेना के एक एफ-35 विमान को सफलतापूर्वक निशाना बनाया था। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने बाद में इसकी पुष्टि की थी।



- पश्चिम एशिया युद्ध में अब तक 1563 से अधिक लोगों की मौत
- अफवाह फैलाने के आरोप में पश्चिम एशिया के विभिन्न देशों में अब तक 11 नेपाली नागरिक गिरफ्तार

## तमिलनाडु चुनाव-2026: भाजपा ने 27 सीटों पर उम्मीदवार किए घोषित

एजेंसी

- मायलापुर से तमिलिसाई और अविनाशी से वेलमुरुगन मैदान में
- भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई को इस बार टिकट नहीं

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पार्टी को अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) के नेतृत्व वाले गठबंधन में 27 सीटें मिली हैं, जिन पर प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं। भाजपा की जारी सूची के अनुसार, अविनाशी (आरक्षित सीट) से केंद्रीय मंत्री डॉ. एल. वेलमुरुगन को टिकट दिया गया है, जबकि मायलापुर सीट से तमिलिसाई सौंदरराजन को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा मोडक्कुरिची से कृतिका शिवकुमार, कोयंबटूर उत्तर से वानथी श्रीनिवासन और अरवक्कुरिची से कविता श्रीकांत सहित कई नेताओं को चुनाव मैदान में उतारा गया है। इस चुनाव में एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम यह भी है कि कांग्रेस से जीत हासिल करने वाली विजयधारिणी इस बार भाजपा के टिकट पर विलवन्कोडु सीट से चुनाव लड़ेंगी। वहीं, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई को इस बार टिकट नहीं मिलने से सियासी चर्चाएं तेज हो गई हैं। भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच सीट बंटवारे को लेकर पहले ही सहमति बन चुकी थी। नामांकन की अंतिम तिथि नजदीक होने के कारण पार्टी ने समय रहते उम्मीदवारों की घोषणा कर दी। प्रत्याशियों के चयन में पार्टी ने कई दौर की बैठकों और विचार-विमर्श के बाद सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन का ध्यान रखा है। उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही राज्य में चुनावी माहौल और गर्म हो गया है और सभी राजनीतिक दलों ने अपने-अपने प्रचार अभियान को तेज कर दिया है।

# पेंशनर्स अनुभव का खजाना, सरकार व समाज लाभ उठाये : न्यायमूर्ति अमर सरन

❐ शासन को पेंशनर्स के हितों की रक्षा करनी चाहिए: आर एस वर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज । गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन का वार्षिकोत्सव शुक्रवार को केपी गर्ल्स इंटर कॉलेज में हुआ। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति अमर सरन ने कहा कि पेंशनर्स को अपने विषय की कार्य पद्धति का अति उत्तम ज्ञान होता है और वे अनुभव का खजाना होते हैं। सरकार और समाज को उनके ज्ञान और अनुभव का लाभ उठाना चाहिए और उनकी समस्याओं का न्यायोचित समाधान करना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मंडलायुक्त आर एस वर्मा ने कहा कि सरकार गवर्नमेंट पेंशनर्स की पेंशन को बोझ समझती है, जो उचित नहीं है। देश की अर्थ व्यवस्था जब वर्ष 2000 में विश्व मे 13वें स्थान पर थी तब से इन्ही पेंशनर्स, जो उस समय कर्मचारी-अधिकारी थे, की कड़ी मेहनत और देश के प्रति निष्ठा का योगदान भी भारत को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में रहा है। ऐसे में शासन को पेंशनर्स के हितों की रक्षा करनी चाहिए और पेंशन को बोझ नहीं समझना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत 10 मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत तथा 05 योग्य शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा 80 वर्ष से अधिक आयु के 30 सदस्यों को माला, शाल पहनाकर एवं घड़ी, गीता, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार चार देहदानी सदस्यों गोपाल कृष्णा श्रीवास्तव, शकर लाल गुप्ता, एम पी यादव, मनमोहन सिंह को भी सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा सर्वश्रेष्ठ सेक्टर का पुरस्कार झूंसी, द्वितीय सेक्टर का पुरस्कार फाफामऊ तथा तृतीय सेक्टर का पुरस्कार लूकरगंज और मम्फोर्डगंज को संयुक्त रूप से और टैगोर टॉउन को सांत्वना पुरस्कृत दिया गया। सर्वाधिक नए सदस्य बनाने की श्रेडी में प्रथम पुरस्कार आर डी प्रसाद (50) को, द्वितीय पुरस्कार संतोष कुमार श्रीवास्तव (14) को और तृतीय पुरस्कार धर्म पाल सिंह (9) एवं सन्तावना पुरस्कर प्रेम नरेश शुक्ला (7) को प्रदान किया गया। इसके अलावा बुजुर्ग पेंशनर्स के लिए उत्कृष्ट कार्य करने हेतु 15 सदस्यो को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा अध्यक्ष एवं पूर्व मंडलायुक्त आर एस वर्मा को वर्ल्ड कल्चरल एन्ड एनवीयर्मेंट प्रोटेक्शन कमीशन द्वारा मानद डॉक्टरेट की उपाधि दिए जाने के बाद अब संस्था का अम्बेसेडर बनाये जाने और 27 अप्रैल को 'भारत गौरव रत्न' सम्मान प्रदान करने की घोषणा होने के लिए संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पंकज जयसवाल, चेयरमैन आर्य कन्या विद्यालय और मुख्य कोषाधिकारी प्रत्यूष कुमार एवं राजेन्द्र कुमार, डॉ राखी चौधरी प्रधानाचार्य रही।

अंत मे इलाहाबाद के पूर्व मंडलायुक्त और एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बी के सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया और पेंशनर्स को संगठित रहने की और एक दूसरे के सुख दुःख में साथ खड़े होने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवियित्री और गायिका प्रीता बाजपेई ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुभाष चंद्र पांडे, आर पी पांडे, डॉ परमात्मा सिंह, डॉ जी एस तोमर, डॉ वी के श्रीवास्तव, साधना सिंह, किरण बाला पांडे, फरहाना सिद्दीकी, डॉ गीता सिंह, रीता सक्सेना, राजेश यादव, अंकिता उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

# सुआगड़ा में 11वीं के छात्र अंश झा की गोली लगने से मौत, दोस्तों पर हत्या का आरोप

**कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



लखीमपुर खीरी। शहर के सुआगड़ा इलाके में 11वीं के छात्र अंश झा की संदिग्ध हालात में हुई मौत ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। शुरुआती जानकारी में जहां इसे हादसा बताया गया, वहीं अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामला पूरी तरह हत्या में बदल गया है।

जानकारी के अनुसार, अंश दो दिन पहले अपने दोस्तों शुभम कुमार और नितिन सिंह उर्फ मिक्कू के साथ घर से निकला था। देर शाम तक घर न लौटने पर चिंतित परिजनों ने उसके दोस्तों से संपर्क किया। इस पर दोस्तों ने बताया कि अंश की तबीयत खराब हो गई है और उसे गोला रोड स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जब परिजन अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टरों ने अंश की हालत गंभीर बताते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया। इस दौरान आरोपियों द्वारा परिजनों को ञ्पटाखे से जलनेङ्क की बात कहकर गुमराह किया गया।परिजन अंश को लेकर लखनऊ पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।मामले में बड़ा खुलासा तब हुआ जब पोस्टमार्टम के दौरान एक्स-रे रिपोर्ट में अंश के पेट में गोली फंसी मिली। इसके बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने इसे साफ तौर पर हत्या करार देते हुए अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया।परिजनों ने इस मामले में चार लोगों शुभम कुमार, नितिन सिंह उर्फ मिक्कू, सुनील सिंह और गोपाल पांडेय को नामजद किया है।पुलिस ने शुभम और मिक्कू को हिरासत में ले लिया है, जबकि सुनील सिंह और गोपाल पांडेय अभी फरार बताए जा रहे हैं।बताया जा रहा है कि अंश शहर के डीएस इंटर कॉलेज में 11वीं का छात्र था। घटना के बाद इलाके में भारी भीड़ जुट गई है और माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है। परिजन आरोपियों की गिरफ्तारी तक अंतिम संस्कार न करने पर अड़े हैं और लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं।

## यूपी में न्यूक्लियर पावर प्लांट की तैयारी, तीन जिलों में सर्वे

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** एनटीपीसी लिमिटेड उत्तर प्रदेश में न्यूक्लियर पावर प्लांट स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसके लिए ललितपुर, प्रयागराज और सोनभद्र जिलों में संभावनाओं का सर्वे किया जा रहा है। एनटीपीसी के अधिकारियों के अनुसार, इन क्षेत्रों में भौगोलिक स्थिति, जल उपलब्धता और भूमि चयन को ध्यान में रखते हुए उच्च स्तरीय चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। यदि योजना साकार होती है, तो प्रदेश को बिजली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के साथ कार्बन उत्सर्जन घटाने में भी मदद मिलेगी। इसके साथ ही कंपनी सौर, पवन, जल ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों पर भी काम कर रही है। ग्रेटर नोएडा में हाइड्रोजन फ्यूल स्टेशन विकसित किया जा रहा है। एनटीपीसी की वर्तमान स्थापित क्षमता 88 गीगावाट से अधिक है, जिसे 2032 तक बढ़ाकर 149 गीगावाट करने का लक्ष्य रखा गया है।

## नैनी में चौकीदार की हत्या से सनसनी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** नैनी इलाके में एक बुजुर्ग चौकीदार की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि चौकीदार सीमेंट और बालू की रखवाली कर रहा था, तभी अज्ञात हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल हत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। परिजनों की तहरीर पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने शोक संतप्त परिवार से की मुलाकात

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** केशव प्रसाद मौर्य ने कटरा क्षेत्र पहुंचकर वरिष्ठ पत्रकार राजुल शर्मा के परिवार से मुलाकात की और शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। यह मुलाकात उनकी सास एवं भाजपा नेता कल्पना शर्मा की माता स्वर्गीय कुमकुम जी के निधन के बाद हुई। डिप्टी सीएम ने परिजनों के बीच बैठकर दुख साझा किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, पत्रकार और भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि यह परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है और ऐसे समय में सभी को साथ खड़े रहने की जरूरत है।

## बुजुर्ग की हत्या, बालू टाल के पास मिला रक्तरंजित शव

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित नैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत धनुआ गांव में शुक्रवार सुबह एक हत्या की वारदात सामने आई। गांव स्थित बालू की टाल के पास 75 वर्षीय हजारी लाल का रक्तरंजित शव पाया गया।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए गए हैं और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है।नैनी के धनुआ गांव निवासी हजारी लाल (75) बालू की टाल की देखरेख करते थे और रात में वहीं रहते थे। शुक्रवार सुबह उनका शव संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ हालत में पाया गया। सूचना पर पहुंची टीम ने परिजनों से तहरीर लेकर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।इस संबंध में पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि, ञ्धनुआ गांव में एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिला है। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है, जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। पुलिस टीम मामले के खुलासे में जुटी हुई है।

## उत्तर मध्य रेलवे ने स्क्रैप बिक्री से 316.87 करोड़ का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्क्रैप निष्पादन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए ?316.87 करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। यह निर्धारित लक्ष्य ?275 करोड़ की तुलना में ?41.87 करोड़ (15.23%) अधिक है।रेलवे के अनुसार, यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष 2024–25 की तुलना में भी 16.40% अधिक है, जो स्क्रैप प्रबंधन में निरंतर सुधार को दर्शाती है।यह सफलता नरेश पाल सिंह (महाप्रबंधक) और एस. पी. द्विवेदी (प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक) के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संभव हुई। विभिन्न मंडलों और डिपो ने समन्वित प्रयास करते हुए कंडेम्ड वैगन, कोच, जल टंकियां, स्टील संरचनाएं और नॉन–फ़ेरस सामग्री का प्रभावी निष्पादन किया।रेलवे प्रशासन के अनुसार, स्क्रैप निष्पादन से न केवल राजस्व में वृद्धि हुई है, बल्कि रेलवे परिसरों की स्वच्छता में सुधार हुआ है और बहुमूल्य भूमि को अन्य उपयोगों के लिए उपलब्ध कराया जा सका है।उत्तर मध्य रेलवे ने भविष्य में ञ्जीरो स्क्रैपङ्क लक्ष्य हासिल करने और अपने परिसरों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

## महिलाओं और छात्राओं को कुबना गांव मैं चौपाल लगाकर किया गया जागरूक

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फ़ेज–5 के तहत अभियान चलाकर एंटी रोमियो टीम बाइक/स्कूटी रैलियों और हेल्पलाइन नंबर 1090, 112 के जरिए महिलाओं को कुबना गांव मैं चौपाल लगाकर जागरूक किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य नारी सशक्तिकरण और साइबर अपराधों से बचाव सुनिश्चित करना है। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न आपातकालीन हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई इनमें 1090 महिला पावर लाइन, 112 पुलिस आपातकालीन 102, 108 एंबुलेंस सेवा 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन और 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन शामिल थे। उन्हें विषम परिस्थितियों में इन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी बताया। इन योजनाओं में रानी लक्ष्मीबाई, बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना प्रमुख थे महिलाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर उप निरीक्षक राधेश्याम वर्मा, हेड कॉन्स्टेबल अखिलेश कुमार, कांस्टेबल शिव प्रताप, महिला हेड कांस्टेबल गीता सिंह, महिला कांस्टेबल प्रीति सिंह, होमगार्ड राम प्रताप, होमगार्ड शिवकरण, ग्राम प्रधान पूनम सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं व बालिकाएं उपस्थिति रही।

## अलीपुर स्थित पंचायत भवन में ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्राम चौपाल का आयोजन

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अलीपुर स्थित पंचायत भवन में ग्राम प्रधान सूरज कुमार के नेतृत्व में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम सभा स्तर पर कराए गए विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई तथा ग्रामीणों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए। साथ ही मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान भी किया गया। आपको बता दें कि, ग्राम चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, स्वच्छता, पेयजल, आवास तथा रोजगार से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। संबंधित अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण का आश्वासन दिया। कई मामलों में तत्काल निर्णय लेकर कार्यवाही भी सुनिश्चित की गई।

# जनगणना–2027 को लेकर प्रशासन सख्त, तैयारियों में तेजी

**कैनविज टाइम्स संवाददात**




प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में शुक्रवार को जनगणना-2027 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कार्य प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने सीएमएमएस पोर्टल पर चल रहे कार्यों की चार्जवार समीक्षा करते हुए सभी ग्रामीण व नगरीय चार्ज अधिकारियों को मकान सूचीकरण ब्लॉक (क्ष्ख्रउ) मैपिंग का कार्य 10 अप्रैल से पहले पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने दो कार्य दिवस के भीतर प्रगणक व पर्यवेक्षकों की एंट्री पोर्टल पर पूर्ण करने को कहा।बैठक में बताया गया कि जनगणना-2027 इस बार पूरी तरह डिजिटल मोड में कराई जाएगी। आम नागरिक 7 मई 2026 से ट्रक पोर्टल पर स्वयं (ट्टद्गद्यद्ध ख्द्गफ्द्धद्दन्थप्द्धधद्ध) अपनी गणना कर सकेंगे। इसके लिए सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे ग्राम प्रधानों व कोटेदारों के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।इसके अलावा, खंड शिक्षाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कर्मियों की ड्यूटी लगाने और प्रशिक्षण कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण कार्य जनगणना निदेशालय लखनऊ के नोडल अधिकारियों द्वारा संपन्न कराया गया।बैठक में अपर जिलाधिकारी, नगर निगम के जनगणना अधिकारी, सभी एसडीएम, तहसीलदार, जोनल अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश के चार एक्सप्रेसवे पर वाहन चलाना हुआ महंगा, टोल में वृद्धि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ । उत्तर प्रदेश में चल रहे चार प्रमुख एक्सप्रेसवे पर यात्रा करने वाले वाहन चालकों को अब नई टोल दरें चुकानी पड़ेंगी। वर्ष 2026-27 के लिए जारी संशोधित टोल रेट में सभी श्रेणी के वाहनों की दरें बढ़ाई गई हैं। यह जानकारी यूपीडा की आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में गुरुवार को दी गई है।

पिछले वर्ष के मुकाबले बढ़ोतरी की बात की जाए तो यह दर मात्र दो प्रतिशत के लगभग है। अबआगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर पूरे रूट (प्रथम टोल से अंतिम टोल तक) की यात्रा के लिए एक फ़ेरा टोल की नई दरें लागू होंगी। ये दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी कर दी गई हैं।यूपीडा के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार ने इन दरों में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि की है, जो महंगाई और रखरखाव की बढ़ती लागत को ध्यान में रखकर तय की गई है।

इन एक्सप्रेसवे का उपयोग करने वाले लाखों वाहन चालक, व्यापारी और यात्री इन नई दरों से सीधे प्रभावित होंगे।नई टोल दरें इस प्रकार हैं-दो पहिया, तीन पहिया, ट्रैक्टरआगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर 335 रुपयेपूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर 350 रुपयेबुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पर 315 रुपयेगोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर 145 रुपयेमोटर वाहन के लिएआगरा-लखनऊ पर 675 रुपये, पूर्वांचल पर 700 रुपये, बुन्देलखण्ड पर 635 रुपये और गोरखपुर पर 295 रुपयेहल्के व्यावसायिक वाहन, हल्के माल वाहन और मिनी बसआगरा-लखनऊ पर 1065 रुपये, पूर्वांचल पर 1105 रुपये, बुन्देलखण्ड पर 1000 रुपये और गोरखपुर पर 440 रुपये चुकाने होंगेबस और ट्रक के लिएआगरा-लखनऊ पर 2150 रुपये, पूर्वांचल पर 2240 रुपये, बुन्देलखण्ड पर 2025 रुपये और गोरखपुर पर 845 रुपयेभारी निर्माण मशीन, भू-गतिमान उपकरण और 3 से 6 धुरी वाले बहुधुरीय वाहन के लिएआगरा-लखनऊ पर 3290 रुपये, पूर्वांचल पर 3430 रुपये, बुन्देलखण्ड पर 3100 रुपये और गोरखपुर पर 1345 रुपये7 या अधिक धुरी वाले ओवरसाइज्ड (विशाल) वाहनों को सबसे ज्यादा टोल देना होगाआगरा-लखनऊ पर 4230 रुपये, पूर्वांचल पर 4400 रुपये, बुन्देलखण्ड पर 3980 रुपये और गोरखपुर पर 1755 रुपये निर्धारित हुए है।

# भावुक माहौल के बीच सात होमगार्ड जवानों के सेवानिवृत्त होने पर भव्य विदाई समारोह



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। महराजगंज कोतवाली परिसर में एक भावुक माहौल के बीच सात होमगार्ड जवानों के सेवानिवृत्त होने पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए जवानों को माला पहनाकर, मुंह मीठा कराकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। आपको बता दें कि, सेवानिवृत्त होने वालों में कमलेश कुमार शुक्ला, जगदेव मिश्रा, जंग बहादुर यादव, छेदी लाल यादव, सुरेन्द्र बहादुर सिंह, शिवमंगल चौरसिया एवं देव नारायण शामिल रहे।

सभी ने वर्षों तक अपनी सेवाएं देकर विभाग की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने अपने संबोधन में कहा, ञ्होमगार्ड जवानों ने विपरीत परिस्थितियों में भी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ अपनी सेवाएं दी हैं। इनकी भूमिका कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। आज इनकी विदाई केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके योगदान के प्रति हमारा सम्मान है। हम सभी इनके उज्ज्वल, स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना करते हैं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त जवानों के साथ बिताए गए अनुभव साझा किए और उनके योगदान को सराहा। माहौल भावुक रहा और कई लोगों की आंखें नम हो गईं। इस मौके पर प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह सहित राजेश राय, एसीसी बुद्धिसेन शर्मा, रामप्रताप यादव, रामदास, शिवकरण यादव, संतोष द्विवेदी, अनुज कुमार सिंह, मनीराम, दिनेश कुमार सिंह, रामकुमार सिंह, लाल मोहम्मद, धर्मदास, माताफ़ेर, ब्रजेश सिंह, रमापति बाजपेई, तेजकुमार, संतलाल, राजीव मिश्रा, आशीष द्विवेदी, रामयश मौर्य, रामप्रकाश सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सिंगाही के मेधावियों का सम्मान: टेक कंप्यूटर एंड कोचिंग सेंटर ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सिंगाही, खीरी। क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान 'टेक कंप्यूटर एंड कोचिंग सेंटर' द्वारा शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत 1 मार्च को एक भव्य सामान्य ज्ञान (क्ष्ख.) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। आज इस प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें नकद धनराशि और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया।इन होनहारों ने मारी बाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले दो मुख्य विजेताओं को सम्मानित किया गया। अबूज़र (कक्षा 9) - सुपुत्र वसीउद्दीन , अविका जायसवाल (कक्षा 4) - सुपुत्री सौरभ जायसवाल अतिथियों द्वारा उत्साह वर्धन इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष (सिंगाही भदौरा) जनाब मोहम्मद कय्यूम जी मौजूद रहे। उनके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंगाही पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आलोक कुमार श्रीवास्तव जी भी मौजूद रहे *विजेता बच्चों को संस्थान और अतिथियों की ओर से दोहरी खुशी मिली। संस्थान की ओर से: टेक कंप्यूटर एंड कोचिंग सेंटर की तरफ से दोनों विजेताओं को 1-1 हजार रुपये की नकद राशि और विशेष गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित होकर नगर अध्यक्ष मोहम्मद कय्यूम जी ने भी अपनी ओर से दोनों बच्चों को 1-1 हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्थान के प्रो. सईद, संचालक आकाश सर और फ़रीद सर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और संस्थान के इस प्रयास की सराहना की।

# डीजी स्वास्थ्य का औचक निरीक्षण, संयुक्त चिकित्सालय व सीएचसी बीकेटी की व्यवस्थाएं जांचीं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब स्थित राम सागर मिश्र सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय में शुक्रवार की शाम करीब 7:45 बजे डीजी स्वास्थ्य डॉ. पवन कुमार अरुण ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉ. अभिषेक से इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के उपचार और देखभाल के संबंध में जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज और मिल रही सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) वीके शर्मा भी अस्पताल पहुंच गए। डीजी स्वास्थ्य ने निर्देश दिया कि सरकार की नीति के अनुसार सभी मरीजों को समस्त सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध कराई जाएं और इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।जिसके बाद डीजी स्वास्थ्य ने सीएचसी बख्शी का तालाब का भी औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने डॉ. सब्बन अली से इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के उपचार की जानकारी ली और दवाइयों की उपलब्धता के विषय में भी जानकारी जुटाई। उन्होंने डॉक्टरों व स्टाफ को समय से सीएचसी पहुंचने के निर्देश दिए।डीजी स्वास्थ्य डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान दोनों अस्पतालों में समस्त स्टाफ मौजूद मिला तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई।

**धुंधला बोर्ड बना परेशानी का कारण, सीएचसी गेट पर भी लगेंगी लाइटें**

सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय का निरीक्षण करने पहुंच रहे डीजी स्वास्थ्य डॉ. पवन कुमार अरुण की गाड़ी सीतापुर रोड किनारे लगे अस्पताल के संकेतक बोर्ड पर नाम धूमिल होने और लाइट न होने के कारण अंधेरे में आगे निकल गई, जिससे उन्हें करीब छह किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ी। इस पर डीजी स्वास्थ्य ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि हाइवे किनारे लगे अस्पताल के बोर्ड पर पुनः स्पष्ट रूप से अस्पताल का नाम लिखवाया जाए तथा उस पर लाइट लगवाई जाए, ताकि रात्रि के समय बाहर से आने वाले इमरजेंसी मरीजों को अस्पताल खोजने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने सीएचसी बख्शी का तालाब के मुख्य गेट पर भी प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, जिससे रात के समय आने वाले मरीजों और तीमारदारों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान डीजी स्वास्थ्य ने डॉक्टरों और कर्मचारियों को समय से अस्पताल पहुंचकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और शासन की मंशा के अनुरूप सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## शिक्षा पर मंहगाई का साया, मध्यम वर्गीय परिवार चिंतित, सभी स्कूलों की दुकान है निश्चित

उझानी, बदायूँ। नए शिक्षण सत्र में किताबों के दाम बढ़ने से अभिभा वकों की जेब पर असर पड़ा है। कागज मंहगा होने से किताबों के दाम में 15 से 20 फीसदी तक इजाफा हुआ है। मध्यमवर्गीय परिवार की इससे चिंता बढ़ी है। प्रत्येक स्कूल में पढ़ाई जाने वाली किताबें खरीदने के लिए उन्ही की निश्चित बताई दुकान पर जाना होगा। शिक्षण संस्थान अभिभावकों को किताबों की सूची और स्थाई दुकान के नाम के साथ देते हैं। उनके बताई हुई दुकान के अलावा अन्य दुकानों पर वही किताबें मिलती भी नहीं हैं। इन किताबों के दाम भी फिक्स भी रहते हैं। कई निजी शिक्षण संस्थान के किताबों की सूची के साथ उनके रेट भी दिए गए हैं। यूकेजी की किताबों खरीदने को लगभग चार हजार रुपए, तीसरी कक्षा के लिए लगभग छ हजार पांच सौ रुपए और पांचवी कक्षा के लिए लगभग आठ हजार रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। एक बुक डिपो संचालक ने बताया कि कागज मंहगा होने से किताबों के दामों में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष के मुकाबले 15 से 20 फीसदी तक दाम बढ़े हैं। अपने तीसरी कक्षा के बच्चे के लिए किताबें लेने आए सर्वेश कुमार ने बताया कि उनका बच्चा एक अकेडमी में पढ़ता है। उसकी किताबें छ हजार तीन सौ रूपए की आईं हैं। रवि कुमार ने बताया कि उनका बेटा यूकेजी में पढ़ता है, स्कूल वालों ने किताबें लेने के लिए सूची दी है और दुकान का पता। केवल किताबें चार हजार रुपए हुईं हैं और कंपियां अलग से खरीदनी होंगी। मध्यमवर्गीय परिवार मंहगाई के दौर में पेट पाले या बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाएं इसी कशमकश में पिसा जा रहा है, सरकार दावे तो बहुत करती है मगर इन प्राइवेट शिक्षण संस्थानों पर कार्रवाई के नाम से पीछे हट जाती है।

**उत्तर रेलवे**
**विषयः**– निविदा सूचना संख्या 255-Tender/Dy. CE/C-AY/NR/LKO दिनांक 30.03.2026 का निरस्तीकरण ।
**कार्य का नाम** :– उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के BSB-PBH-LKO खंड पर, उप मुख्य अभियंता/निर्माण/अयोध्या के अधीन, LC संख्या 118/C (954.447), 129/C (970.635), 136/C (979.702) एवं 140/C (948.670) के स्थान पर RUB का प्रावधान।
उपरोक्त निविदा, जो दिनांक 23.04.2026 को खुलने के लिए निर्धारित थी, प्रशासनिक कारणों से निरस्त की जाती है।
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1122/26

# उत्तर प्रदेश में 24.63 लाख से अधिक किसानों ने कराई 'फार्मर रजिस्ट्री'

❐ इस डिजिटल पहल के माध्यम से अब तक प्रदेश के कुल 1,62,49,634 गाटों (प्लॉट) का विवरण 'फार्मर रजिस्ट्री' पोर्टल पर दर्ज किया गया है

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से संचालित 'फार्मर रजिस्ट्री' अभियान प्रदेश में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 03 अप्रैल, 2026 की शाम 5:00 बजे तक प्रदेश के कुल 24,63,678 किसानों का पंजीकरण सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है।

इस डिजिटल पहल के माध्यम से अब तक प्रदेश के कुल 1,62,49,634 गाटों (प्लॉट) का विवरण 'फार्मर रजिस्ट्री' पोर्टल पर दर्ज किया गया है, जो कृषि क्षेत्र में एक बड़े डिजिटल बदलाव का संकेत है।पंजीकरण के जनपदवार विवरण के अनुसार, लखीमपुर खीरी 88,141 किसानों के पंजीकरण के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान पर बना हुआ है। इसके पश्चात हरदोई में 84,657, सीतापुर में 77,532, प्रयागराज में 68,918 और बहराइच में 66,220 किसानों ने अपनी रजिस्ट्री पूर्ण करा ली है। अन्य प्रमुख जनपदों में आजमगढ़ (63,892), जौनपुर (63,330) और गोरखपुर (58,359) में भी उल्लेखनीय प्रगति देखी गई है। गाटों के डिजिटल मिलान के मामले में भी लखीमपुर खीरी 6,70,307 गाटों के साथ शीर्ष पर है।प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि 'फार्मर रजिस्ट्री' का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक किसान का एक विशिष्ट पहचान पत्र (आईडी) तैयार करना है, जिससे उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और बीज-उर्वरक अनुदान जैसी योजनाओं का लाभ बिना किसी बिचौलिए के सीधे प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है और हमारा लक्ष्य प्रदेश के प्रत्येक पात्र किसान को इस डिजिटल डेटाबेस से जोड़ना है ताकि कृषि निवेश और सुविधाओं का वितरण अधिक सटीक और न्यायसंगत बनाया जा सके। मंत्री ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्थानीय स्तर पर शिविर लगाकर और जागरूकता अभियान चलाकर अवशेष किसानों का पंजीकरण समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई : अमित कुमार घोष

लखनऊ। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने जनपद संभल के कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सौंधन करनपुर कायस्थ में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक में तीन वर्षीय बालक की मौत की घटना का संज्ञान लिया है।अपर मुख्य सचिव द्वारा संबंधित मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को अवैध क्लीनिक के संबंध में तत्काल अपनी आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। सीएमओ द्वारा प्रेषित रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि निरीक्षण के दौरान क्लीनिक बंद पाया गया। आस-पास के लोगों ने बताया कि क्लीनिक संचालक अनिकेत पुत्र पप्पू सिंह द्वारा बिना किसी बोर्ड या वैध अनुमति के क्लीनिक संचालित किया जाता था। इसी क्लीनिक में इंजेक्शन लगाने के दौरान बच्चे की मौत हो गई। घटना की रात्रि से क्लीनिक संचालक फरार है।मकान मालिक की उपस्थिति में क्लीनिक की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी की गई है। क्लीनिक को सील कर न्यायालय में परिवाद दायर करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

## गौतमपल्ली थाना प्रभारी लाइन हाजिर, कई और पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई




कैनविज टाइम्स संवाददाता।

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस कमिश्नरेट के थाना गौतमपल्ली के थाना प्रभारी रत्नेश सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनकी जगह पर पुलिस लाइन में तैनात विपिन सिंह को थाना का कार्यभार सौंपा गया हैं। इसके अलावा थाना में तैनात अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ जांच की जा रही है, जिसके बाद उन पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

लखनऊ पुलिस आयुक्त की ओर से जारी किए गए पत्र में जानकारी दी गई कि गौतमपल्ली थाना प्रभारी रत्नेश कुमार सिंह को लाइन हाजिर करते हुए पुलिस लाइन भेजा गया है। उनकी जगह पर पुलिस लाइन में तैनात विपिन सिंह को गौतमपल्ली का थानाध्यक्ष बनाया गया है। गौतमपल्ली थाना पुलिस पर कथित वसूली के गंभीर आरोप लगे हैं। दो दिन पहले दारोगा एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर थाने लाए थे। उस व्यक्ति से ढाई लाख रुपये की वसूली का आरोप थाना पुलिस पर लगा है। मामले की जांच पुलिस कमिश्नर कार्यालय से करायी गई, जिसके बाद थाना प्रभारी को लाइन हाजिर किया गया। इस मामले में कई और पुलिस कर्मियों के नाम को लेकर जांच चल रही है उनके खिलाफ भी कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्ट्रेट परिसर में मलिहाबाद बार एसोसिएशन के शाखा कार्यालय का उद्घाटन

❐ अधिवक्ताओं के बीच एकजुटता और कार्य में निरंतरता को बढ़ावा मिलेगा-ब्रजभान सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद, लखनऊ। जिलाधिकारी कार्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार को लखनऊ बार एसोसिएशन द्वारा निर्मित अधिवक्ता चैंबर्स में मलिहाबाद बार एसोसिएशन के लिए आवंटित शाखा कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया।

इस अवसर पर लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश तिवारी एवं महामंत्री ब्रजभान सिंह 'भानू' ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया। लखनऊ बार एसोसिएशन की ओर से मलिहाबाद बार एसोसिएशन को एक सुसज्जित चैंबर उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। उद्घाटन के दौरान अध्यक्ष रमेश तिवारी व महामंत्री भानू ने मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सम्राट सिंह और महामंत्री के.के. गौतम को चैंबर की चाबी सौंपते हुए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महामंत्री ब्रजभान सिंह 'भानू' ने बताया कि लखनऊ से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित तहसीलों की बार एसोसिएशनों को निःशुल्क चैंबर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने इसे देशभर में एक अनूठी और ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि इससे अधिवक्ताओं के बीच एकजुटता और कार्य में निरंतरता को बढ़ावा मिलेगा। मलिहाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सम्राट सिंह एवं महामंत्री के.के. गौतम ने लखनऊ बार एसोसिएशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर शिशेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री रामभरोसे रावत, पूर्व महामंत्री रामसिंह यादव, जितेंद्र कुमार, शेर बहादुर 'शेरू', अजय यादव, अभिनेष यादव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# पंकज चौधरी ने किया डॉ. ऋचा गंगवार की पुस्तक 'गर्भ संस्कार' का लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शुक्रवार को नैमिषारण्य गेस्ट हाउस में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋचा गंगवार की पुस्तक 'गर्भ संस्कार' का लोकार्पण किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय, विधान परिषद के सदस्य अवनीश सिंह पटेल, एमएलसी हरिओम पाण्डेय, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता आलोक वर्मा, युवा मोर्चा के प्रदेश मंत्री दीपक मल्ल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पुस्तक की लेखिका डॉ. ऋचा गंगवार ने कहा कि गर्भ संस्कार भारत की प्राचीन जन्मपूर्व ज्ञान प्रणाली है। इसका मतलब है गर्भ संस्कृति, यानी प्रेगनेंसी के दौरान बच्चे के मन, शरीर और आत्मा का ध्यान से पालन-पोषण करना। आधुनिक विज्ञान भी अब मानता है कि कैसे शुरुआती भाव (इमोशनल) और सुनने के अनुभव बच्चे के भविष्य को बनाते हैं।एरा मेडिकल कालेज के प्रोफ़ेसर डॉ. के. पी. मल्ल ने बताया कि इस पुस्तक में 10 अध्याय है। गर्भधारण के बाद हर एक महीने के हिसाब से अध्याय है। जबकि 10 वाँ अध्याय योगाशन व प्राणायाम के बारे में है। इस पुस्तक की विशेष बात यह है कि हर अध्याय के बाद क्यू आर कोड दिया गया है। इसे मोबाइल से स्कैन कर महिलाएं डॉ. ऋचा गंगवार का वीडियो सुन सकती हैं। इस पुस्तक में लाइफ़स्टाइल, इंद्रियों का विकास, व्यक्तित्व की छाप, याददाश्त की शक्ति, चेतना और योग व प्रेग्नेंसी के बारे में विस्तार से उल्लेख किया गया है।

## शराब के नशे में महिला को दी गालियां, विरोध करने पर मारपीट

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के मितौली आदमपुर गांव में शराब के नशे में तीन लोगों द्वारा महिला के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोइली पत्नी रामसजीवन निवासी ग्राम मितौली आदमपुर ने आरोप लगाया है कि 12 जनवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे गांव के ही रिंकू, धर्मराज और अनीश पुत्रगण बलदेव शराब के नशे में आए और बिना किसी बात के गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने मिलकर महिला को लात-घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने आए पीड़िता के पोते यशपाल को भी मारपीट कर चोट पहुंचाई गई। मामले में नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि तहरीर के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## पर्यटन विभाग ने पेश किया विकसित यूपी-2047 का रोडमैप

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ल्विकसित उत्तर प्रदेशअ2047ङ्क के विजन के तहत वर्ष 2047 तक 06 ट्रिलियन डॉलर इकॉनामी का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में पर्यटन विभाग ने अपना रोडमैप जारी किया है। जिसके तहत विभाग ने वर्ष 2047 तक राज्य को विश्व की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक राजधानी के रूप में स्थापित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में देश के पर्यटन आधारित सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में यूपी का योगदान वर्तमान के लगभग 9.2 प्रतिशत में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी करते हुए वर्ष 2029-30 तक 11 प्रतिशत, वर्ष 2035-36 तक 14 प्रतिशत और वर्ष 2046-47 तक 16 प्रतिशत तक प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकसित उत्तर प्रदेशअ2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में पर्यटन विभाग सबसे जरूरी कार्य राज्य में पर्यटन अवसंरचना को मजबूत करने के प्रयासों को और गति प्रदान करेगा। साथ ही यूपी पर्यटन नीति-2022 के तहत राज्य में पर्यटन आधारित अवसंरचना होटल, रेस्टोरेंट, होमस्टे का भी तेज गति से विकास किया गया है। इसी क्रम में राज्य के पर्यटकों के लिए उपलब्ध कमरों की संख्या को वर्तमान में प्रति लाख जनसंख्या पर 30 से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 150 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही राज्य में विदेशी पर्यटकों के ठहरने की औसत अवधि को वर्तमान की 3 रात्रि से बढ़ाकर वर्ष 2046-47 तक 6 रात्रि तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पर्यटकों की संख्या के मामले में भी उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर अपनी स्थिति को और मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है। हालांकि घरेलू पर्यटकों के मामले में उत्तर प्रदेश सभी राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल कर चुका है, जबकि विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी राज्य का चौथा स्थान है, जिसमें बढ़ोतरी करने के सभी संभव प्रयास किए जाएंगे। पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था के मानक के अनुसार राज्य में आने वाला 01 पर्यटक 06 लोगों के लिए आय का सृजन करता है। इस दिशा में वर्ष 2025 में महाकुंभ के भव्य आयोजन में आए रिकॉर्ड 66 करोड़ पर्यटकों के अतिरिक्त राज्य के अन्य पर्यटन स्थलों में 64.9 करोड़ पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया। पर्यटन विभाग पर्यटकों की इस संख्या को वर्ष 2029-30 तक बढ़ाकर 75 करोड़ और वर्ष 2047 तक 100 करोड़ पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है।

## नौ अप्रैल तक मौसम का रहेगा यही रुख

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।।** उत्तर प्रदेश के मौसम में लगातार उतार चढ़ाव हो रहा है। शुक्रवार को प्रदेश के कई हिस्सों में सुबह से ही तेज हवायें चल रही हैं और बूंदाबांदी भी हुई है। मौसम का यह रुख चार अप्रैल को अधिक तेज होने की संभावना है। इस दिन वर्षा, ओलावृष्टि, गरज चमक के साथ बौछारें और 40 से 50 किमी की गति से हवायें चलने का पूर्वानुमान है। हालांकि यह मौसम का यह रुख मामूली उतार चढ़ाव के बीच नौ अप्रैल तक बना रहेगा।उत्तर प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम बदला है, इससे प्रदेश की राजधानी लखनऊ , कानपुर, रायबरेली, हरदोई, नोएडा, गाजियाबाद और आगरा सहित प्रदेश के 50 से अधिक जिलों में तेज हवाओं, गरज-चमक और ओलावृष्टि के साथ बारिश की चेतावनी दी गई है। शुक्रवार को पूरब से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और हल्की से मध्यम बारिश ने तापमान में गिरावट लाते हुए गर्मी से मामूली राहत दी है लेकिन किसानों की चिंता बढ़ी हुई है।एकीकृत प्रादेशिक मौसम पूर्वानुमान केंद्र भारत मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ से मिली जानकारी के अनुसार तीन से पांच अप्रैल तक प्रदेश के लगभग 50 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट है, विशेषकर पश्चिमी यूपी और राजधानी लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी और आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाएं ओर बूंदाबांदी संभावित है। इन जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश और कुछ जगहों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है।मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि चार अप्रैल को उत्तर प्रदेश में बारिश और तेज हवाओं के चलने का दौर अधिक तेज बना रहेगा।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने बाइक को मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ बारह वर्षीय किशोर जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा

मोहनलालगंज, लखनऊ । मोहनलालगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला मोहनलालगंज इलाके का है, जहां एक अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने बाइक सवार दो बच्चों को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में बारह वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया, जो लखनऊ के मेडिकल कॉलेज में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के उत्तरगांव निवासी पुष्पा पत्नी स्व. गंगा चौरसिया का बारह वर्षीय पुत्र अर्पित उर्फ अर्पित चौरसिया बीते रविवार को शाम गांव के ही संजू पुत्र श्याम के साथ मोटरसाइकिल से अम्बालिका कॉलेज के पास स्थित एक दुकान की ओर जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार काले रंग की स्कॉर्पियो ठ्य 32 ख्ड 4851 जिसे प्रांशु नामक युवक चला रहा था, ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्पित गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे लखनऊ के मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर, रेफर कर दिया गया।परिजनों के मुताबिक, घटना के तीन दिन बीत जाने के बाद भी अर्पित को होश नहीं आया है और उसकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम उसकी निगरानी में जुटी है।हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया, जिससे परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि वाहन नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

❐ पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए बीते गुरुवार को ही मोहनलालगंज थाना क्षेत्र से पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, पीड़िता को पहले ही सकुशल बरामद किया जा चुका था, जबकि आरोपी की तलाश जारी थी, जिसे अब दबोच लिया गया है।

इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बीते रविवार को शिकायतकर्ता द्वारा सूचना दी गई थी कि उसकी बहन बहन को की रात को घर से आकाश पुत्र लल्लू निवासी शिवढ़रा,मोहनलालगंज द्वारा बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। सूचना के आधार पर मोहनलालगंज थाने में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तत्काल कार्रवाई शुरू की गई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया और अपहृता की तलाश तेज कर दी गई। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए बीते गुरुवार को ही मोहनलालगंज थाना क्षेत्र से पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया था। इसके बाद से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस टीम ने मोहनलालगंज के धर्मावतखेड़ा मोड़ से आरोपी आकाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार त्रिपाठी का कहना है कि इस प्रकरण में पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए पहले पीड़िता को सुरक्षित बरामद किया और अब आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

मामले में साक्ष्यों के आधार पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क है और इस तरह के अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है तथा पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कराई जा रही हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# टीईटी मुद्दे पर दो दर्जन संगठन हुए एकजुट

❐ 13 अप्रैल को सड़कों पर मशाल लेकर जुलूस के साथ भारी संख्या मे उतरेगे शिक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले लगभग दो दर्जनों संगठन टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ लामबंद होकर संघर्ष करने को तैयार हैं । महासंघ के आह्वान पर 13 अप्रैल को विशाल मशाल जुलूस पैदल यात्रा निकालेंगे ।

महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक सुशील कुमार पांडे ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक जनपद में बैठकों का दौर चल रहा है। 13 अप्रैल मसाल जुलूस के संबंध में रणनीतियां बनाई जा रही हैं शिक्षकों से संपर्क साधते हुए एक ठोस रणनीति के तहत भारी संख्या में सड़कों पर शिक्षक सैलाब देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि आज गाजियाबाद एटा लखनऊ बाराबंकी अयोध्या गोंडा प्रयागराज सहित कई जिला अध्यक्षों से बात हुई है उन्होंने मसाल जुलूस को लेकर प्रत्येक न्याय पंचायत पर एक सह प्रभारी, ब्लॉक स्तर प्रभारी व जिला स्तर पर एक जिला समन्वयक की नियुक्ति कर दी है।उन्होंने आरोप लगाया कि संगठन लगातार पूरे देश मे आंदोलन कर रहा है लेकिन सरकार का ध्यान,लाखों शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने की तरफ नही जा रहा है जिसके कारण 13 अप्रैल को प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालय पर विशाल मशाल जुलूस के साथ सडकों पर उतरकर आंदोलन करेगे। उन्होंने कहा कि जब से सुप्रीम कोर्ट का टीईटी अनिवार्यता के संबंध में आदेश पारित हुआ है तब से प्रदेश के 1 लाख 86 हजार शिक्षकों सहित देश के लगभग 18 लाख शिक्षक काफी आहत हैं और उन्हे मानसिक रूप से परेशान करने की मंशा से 20 से 25 वर्षो से सेवा दे रहे शिक्षकों पर टीईटी की अनिवार्यता को जबरन लागू किया जा रहा है। उन्होंने एक बार फिर कहा प्रदेश में जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता थोपना निंदनीय, अव्यावहारिक व अन्यायपूर्ण है।अटेवा के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार बंधु व ड्डट्एड्ड के संस्थापक अध्यक्ष विवेकानंद आर्य ने कहा कि आज देश में शिक्षकों के साथ अजीब मजाक चल रहा है जिनके बच्चे आज प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठ रहे है।

# न एटीएम सुरक्षित, न दुकानें: बीकेटी में ठगी और चोरी से हड़कंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ एटीएम कार्ड बदलकर जालसाजों ने खाते से निकाले लाखों रुपये। सीतापुर रोड पर चोरों ने दुकान का ताला तोड़ा लगातार वारदातों से दहशत

बख्शी का तालाब, लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एक ओर जालसाजों ने एटीएम कार्ड बदलकर छह लाख रुपये पार कर दिए, वहीं दूसरी ओर चोरों ने सीतापुर रोड स्थित एक दुकान का ताला तोड़कर करीब 70 हजार रुपये का सामान चोरी कर लिया। एक के बाद एक हो रही घटनाओं से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है तथा पुलिस गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।वहीं दोनों मामलों में पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। एटीएम बूथ और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस का कहना है कि संदिग्धों की पहचान कर जल्द ही घटनाओं का खुलासा किया जाएगा।

### एटीएम पर मदद के बहाने बदला कार्ड, खाते से पार कर दिए छह लाख

रुदही गांव निवासी शम्भू रावत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका खाता बैंक ऑफ बड़ौदा में है। 26 मार्च को उनका पौत्र अंशुल रावत एचडीएफसी बैंक के एटीएम से रुपये निकालने गया था। इसी दौरान एटीएम पर मौजूद एक अज्ञात युवक ने मदद के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। इसके बाद जालसाज ने कई बार में खाते से करीब छह लाख रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर रुपये निकासी के मैसेज आने पर परिजनों को ठगी की जानकारी हुई। पीड़ित ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।

### दुकान का ताला तोड़कर गैस सिलेंडर व सोलर पैनल चोरी

दूसरी घटना सीतापुर रोड स्थित राम सागर मिश्र सौ सैया अस्पताल के पास की है। रायपुर राजा निवासी अरून यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लोहे की दुकान में पान मसाला, बीड़ी-सिगरेट, चाय-समोसे की दुकान चलाते हैं। गुरुवार देर रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो ताला टूटा मिला और दुकान में रखा सामान गायब था। चोर दुकान से गैस सिलेंडर, सोलर पैनल सहित करीब 70 हजार रुपये का सामान चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

### ऐसे होती है एटीएम कार्ड ठगी

एटीएम पर मदद के बहाने कार्ड बदल लेते हैं पास खड़े होकर पिन देख लेते हैं बाद में खाते से रुपये निकाल लेते हैं कई बार पेट्रोल पंप व दुकानों पर कार्ड से खरीदारी करते हैं।

### कैसे बचें

एटीएम पर किसी से मदद न लें पिन डालते समय कीपैड ढक लें कार्ड बदलकर तुरंत चेक करें संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

### व्यापारियों में दहशत, गश्त बढ़ाने की मांग

लगातार हो रही चोरी और ठगी की घटनाओं से क्षेत्र के व्यापारियों में रोष है। व्यापारियों का कहना है कि रात में पुलिस गश्त न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और एटीएम बूथों पर सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की है।

### पहले भी पकड़ा जा चुका है एटीएम ठगी गैंग

एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले गिरोह पर पुलिस पहले भी कार्रवाई कर चुकी है। वर्ष 2025 में बख्शी का तालाब पुलिस ने ऐसे ही एक गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से कई एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, कपड़े, नकदी व अन्य सामान बरामद किया था। पूछताछ में आरोपियों ने एटीएम पर लोगों को झांसा देकर कार्ड बदलकर रुपये निकालने की बात कबूल की थी।

# मेडिकल कॉलेज में कैंपस कॉलिंग कार्यक्रम का आयोजन

## पांच छात्र-छात्राएं बने एंबेसडर, महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता की ली शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय से संबद्ध कॉलेज ऑफ नर्सिंग में राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशानुसार 'कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नर्सिंग के उप-प्रधानाचार्य डॉ. सुदीश एस. एवं अन्य शिक्षकों के नेतृत्व में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को चलचित्र के माध्यम से कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, लैंगिक समानता और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया। छात्राओं को यौन उत्पीड़न से संबंधित कानूनी प्रावधानों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा संस्थान स्तर पर गठित आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के तहत शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है और उसके साथ किसी प्रकार का दबाव या प्रताड़ना न हो, इसकी जिम्मेदारी संस्थान की होती है। आवश्यकता पड़ने पर शिकायतकर्ता को सुरक्षित माहौल देने के लिए कक्षा या कार्यस्थल में अस्थायी बदलाव जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। सत्र में यह भी स्पष्ट किया गया कि यौन उत्पीड़न केवल शारीरिक दुर्व्यवहार तक सीमित नहीं है। इसमें अशोभनीय टिप्पणी करना, गलत इशारे करना, बिना अनुमति छूना, बार-बार अनचाहा संपर्क करना, सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश भेजना, धमकी देना या लैंगिक आधार पर अपमानजनक व्यवहार करना भी शामिल है। ऐसे मामलों में सहपाठी, शिक्षक, कर्मचारी या परिसर से जुड़ा कोई भी व्यक्ति आरोपी हो सकता है। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा के विषय पर भी जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, निजी जानकारी साझा करने से बचने तथा ऑनलाइन उत्पीड़न की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने के तरीकों के बारे में बताया गया।

इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने की शपथ ली। कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के आधार पर पांच विद्यार्थियों को 'एंबेसडर' के रूप में चयनित किया गया। इनमें तीन छात्राएं–महिमा मिश्रा, खुशी सिंह एवं खुशी शुक्ला तथा दो छात्र–सिद्धार्थ अवस्थी और राजकुमार यादव शामिल हैं।

सुरक्षित व समावेशी माहौल बनाना है उद्देश्य मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री ने कहा कि 'कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम' का उद्देश्य शिक्षण संस्थानों में सुरक्षित, सम्मानजनक और समावेशी वातावरण तैयार करना है, जिससे छात्र-छात्राएं जेंडर भेदभाव, यौन उत्पीड़न और साइबर अपराध जैसी चुनौतियों के प्रति सजग रह सकें।

# मिशन शक्ति फ़ेस 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण विषय पर हुई प्रतियोगिता



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। राजकीय महाविद्यालय लखैयाकला, बहराइच के प्रांगण में मिशन शक्ति फ़ेस 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण विषय पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य प्रो़फ़ेसर शाहिद परवेज के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर काव्य पाठ, स्लोगन निर्माण, निबंध लेखन एवं गीत जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें कुल 15 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान प्रो़फ़ेसर वीरपाल सिंह ने महिला जागरूकता विषय पर व्याख्यान देते हुए छात्राओं को उनके अधिकारों एवं सशक्तिकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन असिस्टेंट प्रो़फ़ेसर डॉ. जितेंद्र कुमार मौर्य द्वारा किया गया।

# नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे फोरलेन को मिली मंजूरी, जाम से मिलेगी राहत : रमेश अवस्थी

## नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर जाम की समस्या से जल्द राहत मिलेगी और यातायात सुगम होगा

एजेंसी

कानपुर। कानपुर में लम्बे समय से जाम और खराब सड़क से जूझ रहे लाखों लोगों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। केंद्र सरकार ने नौबस्ता चौराहे से करीब पांच किलोमीटर तक फोरलेन सड़क निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना की कुल लागत छह करोड़ उनचास लाख रुपये तय की गई है और निविदा प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। यह जानकारी शुक्रवार को कानपुर सांसद रमेश अवस्थी ने दी। कानपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद रमेश अवस्थी के प्रयासों से शहर की एक बड़ी यातायात समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे, जो लम्बे समय से जाम और जर्जर सड़क के कारण लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था, अब जल्द ही फोरलेन में परिवर्तित किया जाएगा।



इस परियोजना के तहत नौबस्ता चौराहे से लगभग 5 किलोमीटर के दायरे में सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। इससे बिनगवां, यशोदानगर, पशुपतिनगर, हंसपुरम, आवास विकास, किदवई नगर और बसंत विहार सहित कई क्षेत्रों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इन इलाकों में रहने वाले लाखों नागरिक रोजाना जाम की समस्या से जूझते हैं, जिससे समय और ईंधन दोनों की बर्बादी होती है। सांसद रमेश अवस्थी ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए 1 जनवरी 2025 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया था। उन्होंने पत्र में स्पष्ट किया था कि बढ़ती आबादी और ओवरलोडेड वाहनों के कारण यह मार्ग अत्यधिक दबाव में है और तत्काल सुधार की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री के निर्देश पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इस प्रस्ताव पर कार्रवाई करते हुए परियोजना को मंजूरी दी। परियोजना निदेशक, कानपुर इकाई के अनुसार, 6.49 करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना की निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और 18 मार्च 2026 को टेंडर अवार्ड भी किया जा चुका है। अधिकारियों के मुताबिक, रियायत अनुबंध की औपचारिकताएं पूरी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# 180 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख, तीन गांवों के किसान बर्बाद

एजेंसी

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में कुदरकोट थाना क्षेत्र के कठगोर गांव के पास शुक्रवार को अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग ने किसानों की खड़ी फसल को जलाकर राख कर दिया। आग इतनी तेजी से फैली कि लगभग 180 बीघा गेहूं की फसल कुछ ही समय में जलकर नष्ट हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कम्प मच गया और किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बताया जा रहा है कि आग एरवा कटरा विकास खंड की ग्राम पंचायत बल्लपुर राजपुर के मजरा कठगोर, ग्राम पंचायत बरौना कलां के मजरा दिलालपुर तथा ग्राम पंचायत हमीरपुर रुरु के राजस्व ग्राम नहराबोझ तक फैल गई। इस भीषण अग्निकांड में तीनों गांवों के दर्जनों किसान प्रभावित हुए हैं। कठगोर गांव के दशरथ, आदित्य, अमर श्री, मीरा देवी, आशीष, विजयपाल, शीला, विमला, शकुंतला, अरविंद, अशोक, राकेश, मेघ सिंह, मेहरवान सिंह, ब्रजेश, रूबी, शिवानी, रनवीर, जयवीर, मुलायम, राम सिंह, शिशुपाल सिंह, उदयवीर, मनोज, शैतान सिंह, लाखन सिंह, अनीता देवी, सुखवीर सहित कई किसानों की फसल जल गई। वहीं दिलालपुर के ज्ञाप्रसाद, सहदेव सिंह, सत्यराम, राजाराम, किताब सिंह, रामऔतार, सत्यावती, ब्रजेश कुमार, गिरीश, मिलाप, बीरेश, रवीश तथा नहराबोझ के उदयवीर सिंह, महेश चंद्र, रविंद्र सहित अन्य किसानों को भी भारी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। किसानों ने हरे पत्तेदार डंडों, बाल्टियों से पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। बाद में दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन रास्ता न होने के कारण गाड़ियां घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकीं। फसल कटाई के बिल्कुल नजदीक थी, ऐसे में इस आग ने किसानों की साल भर की मेहनत को राख में बदल दिया। प्रभावित किसानों और उनके परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। सभी ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। साथ ही आग लगने के कारणों की जांच भी शुरू कर दी गई है।

## स्थापना दिवस पखवाड़ा 6 से 12 अप्रैल तक मनाएगी भाजपा : प्रकाश पाल

कानपुर । भाजपा छह से 12 अप्रैल तक स्थापना दिवस पखवाड़ा मनाते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और जनसंपर्क को तेज करने के लिए व्यापक अभियान चलाएगी। यह बातें शुक्रवार को भाजपा कानपुर-बुंदलेखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय नौबस्ता में आयोजित क्षेत्रीय मॉनिटरिंग टोली एवं पदाधिकारियों की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पांच से सात अप्रैल तक पार्टी के क्षेत्र, जिला और मंडल कार्यालयों को बिजली की झालरों और फूलों से सजाया जाएगा। छह अप्रैल को स्थापना दिवस के अवसर पर सभी मुख्यालयों और कार्यकर्ताओं के घरों पर भाजपा का ध्वज फहराया जाएगा। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। सात अप्रैल को बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके बाद आठ और नौ अप्रैल को जिला स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होंगे, जिन्हें वरिष्ठ नेता सम्बोधित करेंगे। सात से 12 अप्रैल तक सभी बस्तियों में जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा और सामाजिक कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रमों के समन्वय के लिए क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, अनिल यादव और पवन प्रताप सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे, अनीता गुप्ता, शिवबीर सिंह भदौरिया, भूपेंद्र त्रिपाठी, हर्ष द्विवेदी, आलोक शुक्ला, वीरेंद्र तिवारी, हरिओम भदौरिया, सुनील शुक्ला, मनु सिंह, सौरभ कमल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे ।

## अज्ञात राहगीर की मौके पर दर्दनाक मौत, पुलिस पहचान कराने में जुटी

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर गुरुवार-शुक्रवार की रात एक भीषण सड़क हादसे में एक अज्ञात राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम और पहचान के लिए चिचौली स्थित 100 शैय्या जिला अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रखवा दिया गया है। हादसा करमपुर गांव के पास उस समय हुआ, जब इटावा की ओर से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क किनारे चल रहे व्यक्ति को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राहगीर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन काफी प्रयासों के बावजूद उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर एम्बुलेंस से 50 शैय्या जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत भटवलिया, विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक – मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026–27 दिनांक: 2.04.2026**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भटवलिया,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** विजय प्रकाश **सचिव** रजनीश कुमार

## कार्यालय ग्राम पंचायत उकरा, विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक – मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026–27 दिनांक: 2.04.2026**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उकरा,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** संजय कुमार **सचिव** सुनील यादव

## कार्यालय ग्राम पंचायत टिकरिया, विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक – मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026–27 दिनांक: 2.04.2026**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टिकरिया,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** इन्द्रा देवी **सचिव** सुनील यादव

## कार्यालय ग्राम पंचायत तुलसीपुर कोड़री विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक – मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026–27 दिनांक: 2.04.2026**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तुलसीपुर कोड़री,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** रंजना **सचिव** सुनील यादव

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिशनपुर बैरिया विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक – मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026–27 दिनांक: 2.04.2026**

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिशनपुर बैरिया,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** रविंद्र कुमार **सचिव** राहुल चन्द्रा

## कार्यालय ग्राम पंचायत सिसउर अन्दुपुर विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक – मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026–27 दिनांक: 2.04.2026**

**निविदा सूचना**


सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिसउर अन्दुपुर,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** कृष्ण कुमार **सचिव** राहुल चन्द्रा

# लखनऊ में उत्कर्ष स्वास्थ्य सेवा मैडल से सम्मानित हुई डॉक्टर सृष्टि सिंह

## नगर निवासी डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेजू की पुत्रवधू डॉक्टर सृष्टि सिंह ने लहराया लखनऊ में परचम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नगर निवासी चिकित्सक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेजू के पुत्र डॉक्टर इंद्रेश विक्रम सिंह की पत्नी डॉक्टर सृष्टि सिंह को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित एक कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों सम्मानित हुई हैं। डॉक्टर सृष्टि सिंह ने स्वास्थ्य सेवाओं में अपना अहम योगदान दिया है। उनके पति डॉक्टर इंद्रेश विक्रम सिंह और ससुर डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेजू भी लगातार कई वर्षों से स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रूप से संचालित कर लोगों की सेवा कर रहे हैं।मृदुल भाषा के धनी डॉक्टर तेज बहादुर सिंह तेजू स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ नगर के प्रमुख कार्यक्रमों में शिरकत कर समाज सेवा का कार्य भी करते हैं। उनके ही पद चिन्हों पर चलकर उनकी पुत्रवधू डॉक्टर सृष्टि सिंह भी स्वास्थ्य सेवाओं में अपना अहम योगदान निभा रही हैं। जिसके चलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनको सम्मानित किया है।

## फर्जी जानकारी देकर पासपोर्ट बनवाने का मामला, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर।पूरनपुर पुलिस को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय बरेली से आई शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ तथ्य छिपाकर पासपोर्ट बनवाने का मामला सामने आया है क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, बरेली द्वारा पुलिस अधीक्षक पीलीभीत को भेजे गए पत्र में बताया गया कि मो0 इकबाल पुत्र नबी बक्श ने दिनांक 18 नवंबर 2025 को पासपोर्ट के लिए फ्रेश श्रेणी में आवेदन किया था जांच के दौरान पता चला कि आवेदक पहले ही वर्ष 2013 में पासपोर्ट संख्या ख5631411 (जन्म तिथि 15 अगस्त 1990) बनवा चुका है इसके बावजूद उसने पुराने पासपोर्ट का विवरण छिपाकर नया आवेदन किया और जन्म तिथि में लगभग 9 वर्ष का अंतर दर्शाया पासपोर्ट कार्यालय ने इसे गंभीर मामला मानते हुए पुलिस से जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया इस संबंध में सहायक पासपोर्ट अधिकारी की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और संबंधित दस्तावेज भी संलग्न किए गए हैं।

# फूलबाबू टिकट पार्टियां बाटती है आप नहीं : मंत्री संजय सिंह गंगवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो जारी कर कहा है कि फूलबाबू टिकट पार्टियां बाटती है आप नहीं आप किसी पार्टी के नेता हो सकते हैं।लेकिन पार्टी नहीं दूसरी बात आपने जो डराने और धमकाने की बात कही है।यह गलत है।आगे मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि मैं यह बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि पीलीभीत की देव तुल्य जनता डराने और धमकाने वालों को नहीं जीताती है। वह विकास करने वालों को जीताती है। और बीसलपुर की जनता ने आपको नकार दिया है। आप पीलीभीत आइए चुनाव लड़ियों यह जनता जनार्दन तय करेगी बड़ा नेता कौन है। यह परिभाषित आपने अपने आप को किया है। बड़ा नेता यह जनता तय करेगी कि बड़ा नेता कौन है। मैं आपको एक बात और कहना चाहता हूं हमारी परंपरा में है।बड़ों का आदर करना आप जब भी मिलेंगे हम आपका सम्मान करेंगे इसका मतलब यह नहीं कि हम आपसे डरते हैं। मैं किसी से डरता नहीं हूं और ना घबराता हूं मैं डर की घड़ी में पैदा ही नहीं हुआ हूं। आप पीलीभीत में धर्म की राजनीति जाति की राजनीति का जहर मत घोलिए पीलीभीत की जनता विकास के मुद्दे पर वोट देना चाहती है।उन्होंने विकास के स्वाद को चख लिया है। और यह विकास हमने कराया है चाहे मेडिकल कॉलेज के रूप में चाहे उद्योग के रूप में सड़कों के जाल बिछाने में के रूप में जब आप मंत्री रहे तब क्या मेडिकल कॉलेज आया आपने अपना स्वयं का विकास किया है। पीलीभीत का नहीं किया है। इसलिए आप अपने आप को बड़ा नेता कहते हैं। आपने बीसलपुर की जनता को डराया और धमकाया इसलिए आप डराने और धमकाने की बात करते हैं। हम तो सबको प्रेम करते हैं। हमारी भाषा ही प्रेम की है। हमारी संस्कृति ही प्रेम है।आगे उन्होंने कहा कि मित्रों बंगाल चुनाव में व्यस्त होने के बावजूद भी आपके समक्ष प्रस्तुत हुआ हूं क्योंकि जवाब देना भी जरूरी है।

**हम तो सबको प्रेम करते है हमारी भाषा हमारी संस्कृति ही प्रेम है : मंत्री संजय सिंह गंगवार**

## गबन में प्रधान के अधिकार सीज सचिव पर मेहरबान अधिकारी

पीलीभीत। हमेशा ही सुर्खियों में रहने वाला बरखेड़ा ब्लाक एक बार फिर सुर्खियों में है इस बार सुर्खियां बटोरने में जुटे हैं प्रधान और सचिव बरखेड़ा ब्लाक की ग्राम पंचायत विक्रमपुर रहने वाले चिंतामणि ने जिला अधिकारी पीलीभीत को शिकायत कर ग्राम प्रधान और सचिन पर सरकारी धन का दुरुपयोग करने की मांग कर कार्रवाई करने की बात कही थी। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कमेटी गठित की जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी और लघु सिंचाई के सहायक अभियंता को नामित किया जांच पूरी होने के बाद जांच अधिकारियों ने जांच में मामला सही पाया और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी जांच में प्रधान ने सचिव के साथ मिलकर करीब 93478 रुपए का गवन होना पाया गया पूरे मामले में मात्र ग्राम प्रधान को ही दोषी मानते हुए उसके वित्त एवं प्रशासनिक अधिकारों सीज कर दिया गया लेकिन मामला बड़ा दिलचस्प यहां पर दिखाई देता है कि जब प्रधान और सचिव ने मिलकर गबन किया है। तो प्रधान के अधिकार तो चीज किए गए लेकिन सचिव पर अधिकारियों ने अपनी मेहरबानी चालू रखी सचिव के खिलाफ अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई मामला जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रधान संगठनों में भी काफी रोष दिखाई दे रहा है। कुछ जिम्मेदारों का कहना है कि अगर गवन प्रधान ने किया है तो उसका बराबर का दोषी सचिव भी है।

## शिक्षिका शशि प्रभा को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

पीलीभीत। कंपोजिट विद्यालय मुडलिया की प्रधानाध्यापिका शशि प्रभा के सेवा निवृत्ति पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें विद्यार्थियों के अभिभावक शिक्षा विभाग के कर्मचारी स्टाफ ने उनको भाविनी विदाई दी है।

## कुआं में कूदी महिला की पुलिस ने बचाई जान

अमेठी । थाना अमेठी क्षेत्र के गांव परसौली में परिवारिक विवाद में एक महिला ने कुआं में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस एवं अग्नि शमन कर्मियों ने महिला को सकुशल कुआं से बाहर निकाला गया जिसकी क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा सराहना की गई है। थाना क्षेत्र के गांव परसौली निवासी धर्मेंद्र कुमार द्वारा शुक्रवार को पीआरवी पुलिस को सूचित दी गई कि मेरी पत्नी मीना कुंए में कूद गई है पुलिस सहायता चाहिये। घटना की सूचना मिलते ही पीआरवी 6904 थाना अमेठी के टीम कमांडर उप निरीक्षक मोहम्मद इसराइल व चालक रंजीत यादव तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे तो ज्ञात हुआ कि कालर धर्मेन्द्र कुमार निवासी ग्राम परसौली का उसकी पत्नी से विवाद हुआ था। दोनो लोगों में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई तो पत्नी मीना आवेश में आकर पास के एक कुंए में कूद गई। पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्काल फायर सर्विस को मौके पर बुलाया गया।फायर सर्विस व पीआरवी कर्मियों द्वारा सूझबूझ से मीना को सुरक्षित कुंए से बाहर निकाल लिया गया उसकी हालत सामान्य व स्थिर थी। महिला के परिजनों व स्थानीय लोगों द्वारा पीआरवी स्टाफ व अमेठी पुलिस की सराहना की गयी।

## माधौटांडा में घर में घुसकर दामाद पर जानलेवा हमला

पूरनपुर।जनपद केघुसकर दामाद पर जानलेवा हमला, हालत नाजुक मुकदमा दर्ज पूरनपुर:जनपद के माधौटांडा थाना क्षेत्र में पुरानी लेन-देन की रंजिश को लेकर एक युवक पर घर में घुसकर जानलेवा हमलादे माधौटांडा थाना क्षेत्र में पुरानी लेन-देन की रंजिश को लेकर एक युवक पर घर में घुसकर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया ।

## बीएसए ने अमान्य विद्यालयों को बंद कराने की जिम्मेदारी बीईओ को सौंपी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में संचालित अमान्य विद्यालयों पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिकंजा कसने की शुरुआत कर दी है और समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में संचालित अमान्य विद्यालयों को बंद कराने का निर्देश दिया है और उन विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को प्रवेश नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में कराये जाने का निर्देश दिया है। बीएसए के इस कड़े रुख से इस कारोबार में लिप्त लोगों में खलबली मच गई है।जनपद के तेरह विकास क्षेत्रों में एक दो नही बल्कि सैकड़ों की संख्या में अमान्य विद्यालय डंके की चोट पर संचालित किये जा रहे हैं जिन पर विभागीय अधिकारी मेहरबान हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली का ही नतीजा है कि पांचवीं की मान्यता पर आठवीं और आठवीं की मान्यता पर हाईस्कूल और इण्टर की कक्षाएं दुकानों मकानों और गोदामों के साथ ही टीनशेड के नीचे संचालित की जा रही है लेकिन विभागीय अधिकारी सब कुछ जानते हुये अंजान बने हुये हैं और यह व्यवसाय इन दिनों बहुत तेजी से फल फूल रहा है। जनपद में बड़े पैमाने पर संचालित अमान्य विद्यालयों पर शिकंजा कसने की रुपरेखा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी द्वारा तैयार कर ली गई है इन विद्यालयों को चिन्हित करने की जिम्मेदारी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को सौंपी गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों को भेजे गये पत्र में लिखा है कि अपने अपने विकास खण्ड में बिना मान्यता के संचालित समस्त विद्यालयों को बंद कराते हुये अध्ययनरत बच्चों का प्रवेश नजदीक के प्राथमिक विद्यालय में कराते हुये आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बीएसए संजय तिवारी ने बताया कि यह कार्य अति महत्वपूर्ण एवं शीर्ष प्राथमिकता का है इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये।

## परिषदीय विद्यालय के बच्चों को ब्लॉक प्रमुख ने वितरण की पुस्तके

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। मरौरी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय में पुस्तक वितरण कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने कहा कि शिक्षा एक अनमोल रतन है, जिसे सभी विद्यार्थियों को ग्रहण करना चाहिए। उन्होंने माता-पिता से अपील भी की है।कि आप अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजें ताकि वे पढ़-लिखकर अपने गांव, ब्लॉक, तहसील और जिले का नाम रोशन कर सकें।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार, शिक्षक फुरकान हसन, शिक्षिका सुमन और कई ग्रामीण प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं।

# गौशाला की सच्चाई उजागर करना पड़ा भारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**कर्मचारियों से मारपीट का आरोप चेयरमैन पति राजेश भारती पर गंभीर आरोप पुलिस से शिकायत मचा हड़कंप**

पूरनपुर।नगर पंचायत कलीनगर की गौशाला में अव्यवस्थाओं का वीडियो वायरल करना कर्मचारियों को भारी पड़ गया इस मामले में चेयरमैन पति राजेश भारती पर कर्मचारियों को बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा है पीड़ित रामनाथ और दिनेश कुमार के अनुसार, वे कई वर्षों से गौशाला में कार्यरत थे और लंबे समय से पशुओं की खराब स्थिति को लेकर शिकायत कर रहे थे उनका आरोप है कि पिछले डेढ़-दो वर्षों से गौशाला की स्थिति लगातार खराब होती जा रही थी पशुओं को पर्याप्त चारा और देखभाल न मिलने से कई गायों की मौत भी हो चुकी इस संबंध में कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई कि 1 अप्रैल को गौशाला की बदहाल स्थिति का वीडियो सोशल मीडिया पर डालने के बाद राजेश भारती और उनके साथियों ने उन्हें पकड़ लिया पीड़ितों का कहना है कि उन्हें एक कमरे में बंद कर लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा गया, गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई आरोप यह भी है कि उनका मोबाइल फोन छीन लिया गया और उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया दोनों पीड़ितों ने थाना माधोटांडा पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं होने का आरोप है पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है वहीं, राजेश भारती ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि कर्मचारियों को पहले कई बार लापरवाही को लेकर चेतावनी दी गई थी और अब वे झूठे आरोप लगा रहे हैं घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी है और निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है।

## नवागत भाजपा जिला अध्यक्ष का बिलसंडा में प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

पीलीभीत।जनपद के कस्बा बिलसंडा में नवागत भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का बृहस्पतिवार को जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया।बीसलपुर भाजपा विधायक विवेक वर्मा के साथ जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य अपनी पूरी टीम के साथ बिलसंडा कस्बा के कमल पार्क तिराहा के समीप पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल के आवास पर पहुंचे । भाजपा जिला अध्यक्ष की सशक्त टीम को देखकर अटल सिंह जायसवाल के समर्थक गदगद हो गए । पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल एवं उनके समर्थकों ने ढोल नगाड़े बजवाकर नवागत भाजपा जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का भव्य तरीके से जोरदार स्वागत किया।जिला अध्यक्ष बोले पार्टी के दिशा निर्देश पर मुझे जनपद पीलीभीत की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।अगर किसी कार्यकर्ता को किसी भी समय कोई समस्या हो तो हमें बताएं।किसी भी कार्यकर्ता के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा भाजपा जिला अध्यक्ष ने सबको साथ लेकर चलने की बात कही है।

# किराना की दुकान से चोरी दो बोरी गेहूं के साथ तीन युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शुकुल बाजार अमेठी,थाना शुकुल बाजार पुलिस ने मकदूमपुर कला गांव स्थित किराना की दुकान से चोरी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से चोरी का दो बोरी गेहूं बरामद हुआ है। थाना क्षेत्र के गांव मकदूमपुर कला निवासी राजकुमार किराना की दुकान संचालित कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। बीते तीन दिन पूर्व उनकी दुकान से दो बोरी गेहूं चोरों द्वारा पार कर दिया गया। यह चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरा में कैद भी हो गई और चोरों की शिनाख्त भी हो गई लेकिन अपराध छिपाने में माहिर शुकुल बाजार पुलिस मुकदमा दर्ज करने के नाम पर पीड़ित दुकानदार को टरकाती रही फिलहाल कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने गुरुवार को अभियोग दर्जकर सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर घटना को अंजाम देने वाले लोगों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार वर्मा ने बताया कि आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत जाने आलम पुत्र जुम्मन निवासी पूरे भरोसी मजरे शेखपुर भड़रा, चांद पुत्र ताज मोहम्मद निवासी पूरे मेढी लाल मजरे बदलगढ़ एवं मशरूफ पुत्र मंसूर निवासी बदलगढ़ थाना बाजार शुकुल को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी का दो बोरी गेहूं बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि चोरी और माल बरामदगी की धाराओं में अभियोग दर्जकर तीनों युवकों को जेल भेज दिया गया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत धनौली, विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026-27 दिनांकः 2.04.2026**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धनौली,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण,आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**
**आसिया बानो** **आलोक कुमार सिंह**



## कार्यालय ग्राम पंचायत तुर्काडीहा, विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026-27 दिनांकः 2.04.2026**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तुर्कडीहा,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**
**गीता** **आलोक कुमार सिंह**



## कार्यालय ग्राम पंचायत मिश्रौलिया कानूनगो विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026-27 दिनांकः 2.04.2026**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मिश्रौलिया कानूनगो,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**
**कप्तान** **अवधेश कुमार पाण्डेय**



## कार्यालय ग्राम पंचायत वैनिया, विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026-27 दिनांकः 2.04.2026**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वैनिया,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**
**रेनू** **अवधेश कुमार पाण्डेय**



## कार्यालय ग्राम पंचायत तारी परसोहिया विकास खण्ड पड़री कृपाल, जिला गोण्डा

**पत्रांक - मेमो राज्य वित्त आयोग, वा, 15 वां वित्त आयोग, पंचम वित्त केन्द्रीय वित्त, स्वच्छ भारत मिशन, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना अंतर्गत आँगनबाड़ी केंद्र, टीन शेड, निविदा वर्ष 2026-27 दिनांकः 2.04.2026**

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसोहिया,विकासखंड पड़री कृपाल में वर्ष 2026.27 ग्राम निधि, राज्य वित्त केंद्रीय वित्त पंद्रहवाँ बित्त, पंचम वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ओडीएफ प्लस, विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) योजना के अंतर्गत ईट प्रथम श्रेणी ईट सीधा खंजड ईट गिट्टी 40 एम एम. पत्थर गिट्टी 20 एम एम. सीमेंट, सरिया, बालूलाल मोरंग, तालाब में पानी भराई ह्यूम पाइप इंटरलॉकिंग बिक्र एलईडी लाइट सोलर लाइट स्टेशनरी हैंडपंप मरम्मत, हैन्डपम्प रिबोर सामग्री, साइन बोर्ड, नाली निर्माण, खड़ंजा निर्माण, सीसी रोड निर्माण पशु शेड निर्माण सोक पिट निर्माण, सफाई कर्मी किट, फंगिंग मशीन, कूड़ा दान, कूड़ा गाड़ी कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण, आंगनवाड़ी भवन मरम्मत कायाकल्प खेल मैदान निर्माण, प्राथमिक विद्यालय मरम्मत शौचालय मरम्मत दिव्यांग शौचालय मरम्मत पंचायत भवन मरम्मत पंचायत भवन संषाधन यथा फर्नीचर सीसी कैमरा कमप्यूटर आदि टाइल बाउंड्री वाल निर्माण गो आश्रय केंद्र निर्माण, गोशाला में मिट्टी पटाई कार्य, चरनी निर्माण कार्य गोशाला गेट निर्माण गोशाला में कटीला तार प्राथमिक विदयालय में मिट्टी भराई कार्य सेनिटाइजर का छिड़काव गो आश्रय केंद्र में भूसा आपूर्ति चोकर दाना हरा चारा आपूर्ति ओपेन जिम सेंटर अन्नपूर्णा भवन व अंत्येष्टि स्थल विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड अजीविका मिशन (वीबीजीरामजी) के तहत पौधेरोपण, विभिन्न स्थानो पर मिट्टी पटाई अद्धा खंजड़ ईट सीएससी भवन निर्माण विभिन्न स्थानो पर दीवारों पर रंगरोगन आदि कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु इच्छुक भट्ठा मालिक पंजीकृत ठेकेदार फर्मों से निविदा दिनांक 05.04.26 को पूर्वाहन 11 बजे दिन तक ग्राम पंचायत कार्यालय के सील्ड बॉक्स में आमंत्रित की जाती है दिनाँक15.04.26 अपराहन 3 बजे निविदा खोली जाएगी।निविदा को स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष ग्राम प्रधान सचिव में निहित होगा जिसके लिए कोई कारण संसूचित नहीं किया जाएगा।

**ग्राम प्रधान** **सचिव**
**रामगोपाल** **अवधेश कुमार पाण्डेय**

## सम्पादकीय

# चूल्हों में बुझती आग

नया वित्तीय वर्ष शुरु होते ही देश में एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी की गई है। व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर कम से कम 200 रुपये तक और छोटे सिलेंडर यानी एफटीएल सिलेंडर की कीमत अब 51 रुपये तक की बढ़त हुई है। 5 किलोग्राम का एफटीएल (फ्री ट्रेड एलपीजी) सिलेंडर इंडियन ऑयल द्वारा दिए जाने वाला एक छोटा, पोर्टेबल गैस सिलेंडर है, जो ठोस पते के बिना केवल पहचान पत्र के आधार पर मिल जाता है। यानी प्रवासी मजदूरों, छात्रों और रेहड़ी-पटरी लगाने वालों के लिए यह बड़ा सहारा होता है। लेकिन अब वे इस महंगे सिलेंडर को खरीद पाएंगे या नहीं कौन जानता है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक घरेलू सिलेंडर के दाम बढ़ाने की कोई खबर तो आई नहीं है, लेकिन सरकार का पीछे से आकर धप्पा करने का जो तरीका है, उसमें अब लोगों को एक धक्का और खाने के लिए तैयार रहना चाहिए। वैसे भी इस देश के बहुसंख्यक हिंदुओं को एक धक्का और के जुमले में ही तो भाजपा ने फंसाया है और लोग खुशी-खुशी फंसे भी, क्योंकि उन्हें लगा कि धर्म बचेगा तो हम बचेंगे। अब पता चल रहा है कि पेट की आग तो हिंदू, मुसलमान, ईसाई सबकी एक जैसी ही होती है। पेट की आग अब और भड़केगी, क्योंकि चूल्हों में आग बुझने लगी है। एक अप्रैल की सुबह सिलेंडर की कीमतें बढ़ने की खबर आई, तो मन में विचार उठा काश, ये सरकार का अप्रैल फूल वाला कोई मजाक हो। लेकिन फिर ध्यान आया कि इस सरकार को हास-परिहास से सख्त नफरत है। संघ का प्रशिक्षण ही ऐसा है कि मुस्कुराना गुनाह लगने लगता है। हर समय तने हुए चेहरे और चढ़ी हुई भृकुटियां ही इन्हें पसंद आती हैं। साहब तो मुस्कुराते भी तभी हैं जब वे खुद विदेश में हों या किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष से गलबहियां करते हों। अभी फरवरी में ही देश ने देखा है कि कैसे इजरायल जाकर मोदी इसी बात पर जोर से ठहाके मार रहे थे क्योंकि वहां के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि देखो मेरी पत्नी ने भी भगवा पहना है। नरेन्द्र मोदी ने बस उन्हें सेम पिंच नहीं किया, वर्ना भगवा देखकर खुश होने की हरकत कर अपने पद की गरिमा गिराने में कोई कसर उन्होंने छोड़ी नहीं थी। वे भूल गए थे कि भारत की जनता के पैसों पर उनका इजरायल दौरा देश के प्रधानमंत्री की हैसियत से हुआ है, वर्ना भाजपा उन्हें अपने खर्च पर चांद भेजे और वहां जाकर वो भगवा-भगवा करें, किसे फर्क पड़ता है। लेकिन जब जनता के दिए टैक्स से करोड़ों रुपये खर्च करके विदेशी दौरे होते हैं, तो उनका मकसद देश और जनता के हित को सर्वोपरि रखना ही होना चाहिए। मगर अभी जो हो रहा है, उसे जनता से बेहतर कौन समझ सकता है। इजरायल जाकर मोदी लौटे नहीं कि ईरान पर हमला हो गया और उसके बाद ईंधन का ऐसा संकट देश में खड़ा हुआ कि अब फिर से अंगीठी सुलगाने के दिन आ गए हैं। हालांकि उसके लिए भी कोयला, लकड़ी और कैरोसिन का संकट सामने है। जिस सरकार ने कैरोसिन का उपयोग बंद करवाने के दावे किए थे, वही मोदी सरकार अब फिर से उसे बेचने की छूट दे रही है। लोगों से कहा जा रहा है कि आप कैरोसिन से स्टोव जलाइए। हालांकि अब बाजार में मिट्टी तेल से जलने वाले स्टोव मिलना भी मुश्किल है। अगर मिल भी रहे हैं तो पहले से कई गुना बढ़े दामों पर। इसके अलावा बिजली से चलने वाले चूल्हों की मांग भी बढ़ गई है, तो उनकी कीमतें भी अनाप-शनाप बढ़ रही हैं। इसके बाद महिलाओं के सामने एक ही चारा बचता है कि वे मिट्टी के चूल्हे बनाकर गोबर के उपलों से आग जलाकर खाना पकाएं।पिछले दिनों कुछ ऐसी खबरें देखने मिलीं, जिनमें कोयले, लकड़ी या उपलों से जले चूल्हे पर पके भोजन के स्वाद की तारीफ की गई। पुराना जमाना याद दिलाया गया कि कैसे हमारी दादी-नानी के पकाए भोजन में अलग सा स्वाद होता था, क्योंकि वे जमीन पर बैठकर मिट्टी के चूल्हे पर भोजन पकाती थीं। वाकई भक्तों की बुद्धि की दाद देनी पड़ेगी।

# विवाह संस्था और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच नई खाई

**पिछली पीढ़ियों में विवाह जीवन का अनिवार्य चरण माना जाता था। हमारे माता-पिता और दादा-दादी के लिए विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध था और जीवन भर साथ निभाना ही उसका लक्ष्य था। लेकिन आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को अलग दृष्टि से देख रही है। आज के युवा पहले शिक्षा, करियर और आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद रिश्तों के बारे में निर्णय लेते हैं। कुछ लोग विवाह से पहले साथ रहने का विकल्प चुनते हैं, कुछ रिश्तों को नाम देने से भी बचते हैं और कुछ लोग विवाह के बजाय साझेदारी को अधिक उपयुक्त मानते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को महत्व नहीं देती, बल्कि इसका अर्थ यह है कि वे रिश्तों में स्वतंत्रता, सम्मान, संवाद और समानता को अधिक महत्व देते हैं। रिश्तों में सबसे बड़ा परिवर्तन लिंग भूमिकाओं के बदलाव से भी आया है। पहले पुरुष कमाने वाला और महिला घर संभालने वाली मानी जाती थी, लेकिन आज दोनों काम करते हैं, दोनों निर्णय लेते हैं और दोनों भावनात्मक सहयोग चाहते हैं। आधुनिक रिश्तों में समानता, खुलकर संवाद और साझा जिम्मेदारियों पर जोर है।**

आधुनिकता के संक्रमणकालीन दौर में सबसे अधिक यदि कोई संस्था प्रश्नों के घेरे में है, तो वह विवाह और रिश्तों की पारंपरिक अवधारणा है। बदलती जीवनशैली, आर्थिक आत्मनिर्भरता, तकनीक, वैश्वीकरण और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की बढ़ती चेतना ने रिश्तों की परिभाषा, अपेक्षाएँ और संरचना-सब कुछ बदल दिया है। यही कारण है कि आज रिश्तों से जुड़े प्रश्न केवल सामाजिक विमर्श का विषय नहीं रहे, बल्कि अदालतों तक पहुँच रहे हैं। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के दो फैसलों ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता और विवाह संस्था के बीच उत्पन्न हो रही नाजुक खाई को उजागर किया है। एक निर्णय में न्यायालय ने कहा कि वयस्कों के बीच आपसी सहमति से बना लिव-इन रिलेशनशिप, भले ही एक साथी विवाहित हो, अपराध नहीं है; वहीं दूसरे मामले में न्यायालय ने ऐसे ही एक जोड़े को संरक्षण देने से इनकार कर दिया और कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के नाम पर पति या पत्नी के कानूनी अधिकारों को कमजोर नहीं किया जा सकता। यह विरोधाभास वास्तव में न्यायिक असंगति से अधिक एक कानूनी रिक्तता और सामाजिक संक्रमण का संकेत है। वास्तव में एक हकीकत यह भी है कि भारतीय समाज में वैवाहिक अधिकारों और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन बनाने वाले एक प्रभावी ढांचे की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जाती रही है। हमें मौजूदा परिदृश्य में यह बात स्वीकार करनी होगी कि यद्यपि विवाह संस्था संरक्षण की हकदार है, फिर भी पुरुष या स्त्री की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को अनिश्चित काल तक इसके अधीन बंधक बनाकर नहीं रखा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय संविधान का अनुच्छेद 21 प्रत्येक व्यक्ति को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है और इसी के दायरे में न्यायालयों ने समय-समय पर लिव-इन रिलेशनशिप को अपराध की श्रेणी से बाहर माना है। लेकिन दूसरी ओर, भारतीय कानून विवाह को एक कानूनी और सामाजिक संस्था के रूप में सर्वोच्च प्राथमिकता देता है, जिसमें अधिकार और दायित्व दोनों शामिल हैं। यही वह बिंदु है जहाँ व्यक्तिगत स्वतंत्रता और वैवाहिक अधिकारों के बीच टकराव उत्पन्न होता है। न्यायालय लिव-इन संबंधों को अपराध नहीं मानता, परंतु उनके सभी परिणामों को वैध मानने में संकोच करता है। यह स्थिति न केवल कानूनी भ्रम उत्पन्न करती है, बल्कि सामाजिक असुरक्षा भी पैदा करती है। वास्तव में समस्या न्यायिक निर्णयों की नहीं, बल्कि स्पष्ट विधायी ढाँचे की कमी की है। यदि व्यापक सामाजिक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय समाज इस समय एक बड़े संक्रमणकाल से गुजर रहा है। एक ओर सदियों से स्थापित पारंपरिक जीवन मूल्य हैं, जिनमें विवाह केवल एक अनुबंध नहीं बल्कि एक संस्कार, सामाजिक स्वीकृति और पारिवारिक व्यवस्था का आधार है; दूसरी ओर आधुनिक जीवन की वास्तविकता है, जहाँ व्यक्ति की स्वतंत्रता, आत्म-विकास, करियर, आर्थिक स्वायत्तता और व्यक्तिगत संतुष्टि को भी समान महत्व दिया जा रहा है। विशेष रूप से महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता ने रिश्तों की शक्ति-संतुलन व्यवस्था को बदल दिया है। अब रिश्ते केवल सामाजिक दबाव से नहीं, बल्कि आपसी समझ और संतुष्टि के आधार पर टिके रहते हैं। परिणामस्वरूप, रिश्तों की स्थायित्व की अवधारणा बदल रही है और प्रतिबद्धता अब आजीवन वचन से अधिक एक निरंतर पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया बनती जा रही है। पिछली पीढ़ियों में विवाह जीवन का अनिवार्य चरण माना जाता था। हमारे माता-पिता और दादा-दादी के लिए विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध था और जीवन भर साथ निभाना ही उसका लक्ष्य था। लेकिन आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को अलग दृष्टि से देख रही है। आज के युवा पहले शिक्षा, करियर और आर्थिक स्थिरता को प्राथमिकता देते हैं, उसके बाद रिश्तों के बारे में निर्णय लेते हैं। कुछ लोग विवाह से पहले साथ रहने का विकल्प चुनते हैं, कुछ रिश्तों को नाम देने से भी बचते हैं और कुछ लोग विवाह के बजाय साझेदारी को अधिक उपयुक्त मानते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि आधुनिक पीढ़ी रिश्तों को महत्व नहीं देती, बल्कि इसका अर्थ यह है कि वे रिश्तों में स्वतंत्रता, सम्मान, संवाद और समानता को अधिक महत्व देते हैं। रिश्तों में सबसे बड़ा परिवर्तन लिंग भूमिकाओं के बदलाव से भी आया है। पहले पुरुष कमाने वाला और महिला घर संभालने वाली मानी जाती थी, लेकिन आज दोनों काम करते हैं, दोनों निर्णय लेते हैं और दोनों भावनात्मक सहयोग चाहते हैं। आधुनिक रिश्तों में समानता, खुलकर संवाद और साझा जिम्मेदारियों पर जोर है। हालांकि पुरुष और महिलाओं की अपेक्षाएँ पूरी तरह समान नहीं होतीं-अक्सर महिलाएँ भावनात्मक सहयोग और संवाद को अधिक महत्व देती हैं, जबकि पुरुष स्वतंत्रता और बौद्धिक जुड़ाव को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इन अंतरों को समझकर ही मजबूत रिश्ते बनाए जा सकते हैं। आज आत्म-प्रेम और आत्म-देखभाल को स्वार्थ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार माना जाने लगा है। तकनीक और सोशल मीडिया ने भी रिश्तों की प्रकृति को गहराई से प्रभावित किया है। सोशल मीडिया ने लोगों को जोड़ने का काम किया है, लेकिन इसके साथ तुलना की संस्कृति भी बढ़ी है। अब लोग अपने रिश्तों की तुलना दूसरों की ऑनलाइन तस्वीरों और पोस्ट से करने लगे हैं, जिससे असंतोष और अवास्तविक अपेक्षाएँ बढ़ती हैं। कई बार डिजिटल दुनिया में मिलने वाला ध्यान वास्तविक रिश्तों की आत्मीयता को कम कर देता है। ऑनलाइन फ्लर्टिंग, डिजिटल बेवफाई और लगातार उपलब्ध रहने की अपेक्षा जैसी नई समस्याएँ भी सामने आई हैं। इसलिए आज डिजिटल सीमाएँ भी उतनी ही आवश्यक हो गई हैं जितनी व्यक्तिगत सीमाएँ। ऑनलाइन डेटिंग ने रिश्तों की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। जीवनसाथी ढूँढना पहले परिवार, समाज या परिचितों के माध्यम से होता था, लेकिन अब मोबाइल एप और वेबसाइटों के माध्यम से लोग साथी ढूँढते हैं। इससे विकल्प बढ़े हैं, लेकिन साथ ही रिश्तों की स्थिरता कम हुई है। स्वाइप संस्कृति ने रिश्तों को कई बार उपभोक्ता वस्तु की तरह बना दिया है, जहाँ विकल्प हमेशा खुले रहते हैं और प्रतिबद्धता कठिन हो जाती है। इसके बावजूद, यह भी सत्य है कि कई सफल विवाह और रिश्ते भी ऑनलाइन माध्यम से ही बने हैं। इसलिए समस्या तकनीक में नहीं, बल्कि उसके उपयोग की मानसिकता में है। आज की तेज़ रफ्तार दुनिया में रिश्तों को समय देना भी एक बड़ी चुनौती बन गया है। करियर, प्रतिस्पर्धा, आर्थिक दबाव, सोशल मीडिया और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएँ-इन सबके बीच रिश्ते अक्सर प्राथमिकता सूची में नीचे चले जाते हैं। लेकिन यह भी एक सत्य है कि अंततः मनुष्य को भावनात्मक सहारा, अपनापन और संबंधों की ही आवश्यकता होती है। इसलिए आधुनिक जीवन में रिश्तों को बनाए रखने के लिए संवाद, समय, सम्मान और समझ पहले से कहीं अधिक आवश्यक हो गए हैं। विभिन्न पीढ़ियों के बीच रिश्तों को लेकर दृष्टिकोण में भी बड़ा अंतर दिखाई देता है। पुरानी पीढ़ी स्थायित्व और त्याग को महत्व देती है, जबकि नई पीढ़ी संतुष्टि और स्वतंत्रता को। पुरानी पीढ़ी रिश्ते बचाने के लिए समझौता करती थी, नई पीढ़ी रिश्ते में सम्मान और खुशी नहीं मिलने पर उसे छोड़ने का साहस रखती है। दोनों दृष्टिकोणों में अपनी-अपनी सच्चाई है। इसलिए आवश्यकता पीढ़ियों के संघर्ष की नहीं, बल्कि संवाद और समझ की है। वास्तव में विवाह बनाम स्वतंत्रता का प्रश्न किसी एक पक्ष की जीत या हार का प्रश्न नहीं है। यह समाज के विकास और परिवर्तन का स्वाभाविक चरण है। विवाह संस्था समाज के लिए आवश्यक है, क्योंकि वह स्थिरता, परिवार और सामाजिक व्यवस्था का आधार है। लेकिन व्यक्तिगत स्वतंत्रता भी उतनी ही आवश्यक है, क्योंकि बिना स्वतंत्रता के कोई भी रिश्ता केवल बंधन बन जाता है। इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि कानून, समाज और परिवार-तीनों मिलकर ऐसा संतुलन बनाएं, जिसमें विवाह संस्था भी सुरक्षित रहे और व्यक्ति की स्वतंत्रता भी सुरक्षित रहे। निश्चिततौर पर यह स्वीकार करना होगा कि जब रिश्ते टूट जाते हैं, तो व्यक्तियों को गरिमा के साथ आगे बढ़ने की अनुमति देना समाज के लिए खतरा नहीं है, बल्कि यह सामाजिक व्यवस्था का एक आवश्यक अनुकूलन है। दुनिया तेजी से बदल रही है, संस्कृतियाँ एक-दूसरे से जुड़ रही हैं और सोच भी बदल रही है। ऐसे समय में हमें परंपरा और आधुनिकता के बीच संघर्ष नहीं, बल्कि समन्वय का मार्ग खोजना होगा। रिश्तों का भविष्य न पूरी तरह परंपरागत होगा, न पूरी तरह आधुनिक, बल्कि दोनों के संतुलन से ही एक नई सामाजिक व्यवस्था का निर्माण होगा, जहाँ विवाह भी सम्मानित होगा और स्वतंत्रता भी सुरक्षित होगी। **-ललित गर्ग**

# उतना मोहक नहीं 'इस' रामायण का टीजर

**मृत्युंजय दीक्षित**

**आरंभिक तौर पर व्यावसायिक प्रमोशन और तगड़े प्रचार ने फिल्म को लेकर एक उत्साह का वातावरण बनाया किन्तु यह जल्दी ही ठंडा पड़ गया। इसके निर्माता नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी हैं। यह पहले छिछोरे और दंगल जैसी फिल्में बना चुके हैं। फिल्म में अभिनेता रणबीर कपूर राम और दक्षिण की अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में हैं।**

देश में लगभग 4000 करोड़ की लागत से बनाई जा रही फिल्म रामायण का प्रथम टीजर यू-टयूब पर हनुमान जयंती पर रिलीज किया गया। आरंभिक तौर पर व्यावसायिक प्रमोशन और तगड़े प्रचार ने फिल्म को लेकर एक उत्साह का वातावरण बनाया किन्तु यह जल्दी ही ठंडा पड़ गया। इसके निर्माता नमित मल्होत्रा और निर्देशक नितेश तिवारी हैं। यह पहले छिछोरे और दंगल जैसी फिल्में बना चुके हैं। फिल्म में अभिनेता रणबीर कपूर राम और दक्षिण की अभिनेत्री साई पल्लवी माता सीता की भूमिका में हैं। सनी देओल हनुमान और यश रावण की भूमिका में हैं। टीजर साथ कैप्शन लिखा गया ,'' राम सबसे महान इसलिए हैं क्योंकि उन्होंने हमेशा बड़े हित कर्तव्य को इच्छा से ऊपर और त्याग को स्वार्थ से ऊपर रखा। उनका जीवन मानवता को सशक्त बनाता है अच्छाई की आस्था जगाता है और दुनिया में शांति स्थापित करता है।'' सनातनियों का मानना है कि यह परिचय (नरेशन) प्रभु राम की सनातन आस्था के प्राण तत्व से परे जाकर उनको एक साधारण तथाकथित धर्मनिरपेक्ष राजा के रूप में प्रस्तुत करता है । इस नरेशन से उनकी दिव्यता प्रकट नहीं होती। दो मिनट 38 सेकंड का लंबा टीजर दर्शकों को फिल्म के एक्शन, एडवेंचर, किरदारों और युद्ध के दृश्यों की झलक दिखाता है। खूबसूरत विजुअल्स के बीच स्क्रीन पर एक संदेश भी दिखाया गया है जिसमें लिखा है, ''जब भी दुनिया अराजकता में डूबने लगती है तब वह हमेशा जवाब होते हैं। 5000 वर्ष से हमारे दिल पर राज करने वाले हमारे रक्षक, हमारे हीरो, हमारे लीजेंड ।हम महान मर्यादा पुरुषोत्तम राम का जश्न मनाते हैं।'' यह संदेश भी सनातनियों को भाव और भाषा की दृष्टि से नितांत सतही लगा और इसकी काफी आलोचना हो रही है। सबसे बड़ी शिकायत फिल्म में कलाकारों के चयन को लेकर है। प्रभु राम बने रणबीर कपूर को लोग भगवान के रूप में स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। रणबीर कपूर का फिल्म की शूटिंग के दौरान शाकाहारी रहने का झूठ भी सामने आया। उसका वीडियो वायरल है। लोग कह रहे हैं इतने झूठे व्यक्ति को श्रीराम की भूमिका में कैसे स्वीकार कर लें ? भारी मेकअप और उम्र कम करने के सारे प्रयासों के बाद भी वो औरा में इंद्रदेव से अधिक नहीं लग पा रहे हैं। लोगों को उनमें सौम्यता व शांति का अभाव दिख रहा है।साईं पल्लवी भारत विरोधी विचारों, पाकिस्तान के आतंकवादियों के प्रति अपने प्रेम को लेकर चर्चा में रही हैं। माता सीता के रूप में उनके चयन का विरोध पहले दिन से ही हो रहा है। सबसे कमजोर पक्ष अल्ला रक्खा का संगीत है, जो भारत के दैवीय शास्त्रीय संगीत की जगह अरेबियन नाइट्स के संगीत की तरह है। कुल मिलाकर तमाम प्रचार के बावजूद फिलहाल टीजर रामभक्तों को रिझाने में विफल रहा है। इस फिल्म को दीपावली पर सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना है। दावा किया गया है कि इसमें राम के योद्धा रूप, वनवास के दृश्यों और यश के रावण रूप की एक झलक इसे भारत की सबसे महंगी फिल्म बनाता है। टीजर में हाई-एंड विजुअल इफ़ेक्ट्स और 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' जैसा भव्य स्केल है।

## सेहत मंत्र

# शरीर में प्रोटीन की कमी हो गयी है तो तुरंत ध्यान दें वरना मुश्किल होगी

हमारे शरीर की कार्यप्रणाली कुछ इस प्रकार है कि जब भी इसमें आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होने लगती है तो शरीर इसके लिए संकेत देता है। अगर आप उन संकेतों को सही समय पर समझ लेते हैं तो आप खुद को लंबे समय तक बेहद आसानी से स्वस्थ रख पाते हैं। लेकिन अधिकतर लोग ऐसे होते हैं जो या तो उन लक्षणों को समझते ही नहीं हैं या फिर समझकर भी अनदेखा कर देते हैं। आपको शायद पता न हो लेकिन आपकी अनदेखी आपको बाद में बहुत बड़ी मुसीबत में डाल देती है। तो चलिए आज हम आपको ऐसे कुछ संकेतों के बारे में बताते हैं, जो आपके शरीर में प्रोटीन की कमी पर प्रकाश डालते हैं- अगर आपको अक्सर अपनी मांसपेशियों में दर्द का अहसास होता है तो यह बताता है कि आपकी मसल्स काफी कमजोर हो गई हैं। मसल्स में कमजोरी का एक मुख्य कारण आपके शरीर में प्रोटीन की कमी होती है। प्रोटीन को यदि मांसपेशियों का ईंधन कहा जाए तो गलत नहीं होगा। वहीं प्रोटीन आपके शरीर में अन्य महत्वपूर्ण पोषक तत्वों जैसे कि आयरन और कैल्शियम को अवशोषित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह दोनों पोषक तत्व आपकी मांसपेशियों के लिए काफी महत्वपूर्ण माने जाते हैं। कुछ लोग ऐसे होते हैं, जिन्हें हर थोड़ी देर में भूख लगती है। इसे आप भले ही अपने स्वास्थ्य के लिए अच्छा मानते हों लेकिन यह फूड क्रेविंग खासतौर से मीठा खाने की तलब इशारा करती है कि आपके शरीर में प्रोटीन की कमी हो गई है। दरअसल, प्रोटीन एक ऐसा पोषक तत्व है, जिसे पचाने में आपके शरीर को अधिक मेहनत की आवश्यकता होती है। जब आप पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन लेते हैं तो आपको काफी देर तक पेट भरे होने का अहसास होता है और आपको जल्दी भूख नहीं लगती।

## धर्म मंत्र

# वनदेवी मंदिरः फल-फूल नहीं इस मंदिर में देवी मां को चढ़ाएं जाते हैं पत्थर

भारत में कई धर्मों के लोग रहते हैं और वो अलग-अलग मान्यताओं को मानते हैं। हिंदू धर्म की बात करें तो मंदिरों में लोग देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करते हैं। साथ ही उन्हें चंदा और अन्य सामान अर्पित करते हैं। वहीं, भगवान को लोग फूल, फल और मीठे का भोग लगाया जाता है। हालांकि, कई बार ऐसे मंदिरों के बारे में भी सुना जाता है कि जहां पर अजीब चीजें चढ़ाई जाती हैं जिनमें मदिरा या समोसा आदि शामिल होता है। लेकिन क्या कभी आपने ऐसे किसी मंदिर के बारे में सुना है जहां पर देवी को कंकड़ पत्थर चढ़ाए जाते हैं। इस मंदिर का नाम है वनदेवी मंदिर।

यह मंदिर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर शहर के पास खमतकाई में स्थित है। इसका नाम वनदेवी मंदिर है। यहां लोग देवी मां को फूल, फल या चढ़ावा नहीं बल्कि पत्थर का भोग लगाते हैं। सदियों से यहां पर यही परंपरा चली आ रही है। स्थानीय लोगों का मानना है कि खेतों में मिलने वाले गोटा पत्थर को देवी मां चढ़ाया जाता है। यह पत्थर देवी मां को काफी पसंद हैं। मान्यता है कि जो व्यक्ति ऐसा करता है उसकी हर मनोकामना पूरी होती है। यहां मातारानी को नारियल, फूल, पूजा सामग्री का चढ़ावा नहीं चढ़ाया जाता है। यहां पर लोग अपनी मनोकामना को पूरा करने के लिए मां को पत्थर का भोग लगाया जाता है। भक्त यहां पर 5 गोटा पत्थर लेकर जाते हैं और अपनी मन्नतों के पूरी होने की फरियाद लगाते हैं।

## पर्यटन



# जीवन के हर रंग देखने को मिलते हैं कोलकाता में

भारत के दूसरे महानगरों की तरह क्या आपने रात में जगमग कोलकाता को देखा है? अगर नहीं तो किसी भी सीजन में इस ऐतिहासिक शहर को देखने का कार्यक्रम जरूर बनाएं। यह दिल्ली से पहले इस देश की राजधानी रही है। पिछले दिनों विद्या बालन की फिल्म 'कहानी' में दर्शकों ने कोलकाता शहर को देखा है। खासकर उस गीत 'आमी सोत्ती बोलती' में, जिसे उषा उत्थुप ने स्वर दिया है। इस गीत में सम्पूर्ण कोलकाता की झांकी है। जिसमें कहा गया है कि यह शहर 'स्ट्रांग और पावरफुल' है मगर फिर भी बेबस है। इस शहर की इससे बड़ी व्याख्या क्या हो सकती है कि यह चलता रहता है मगर कहीं जाता नहीं। दरअसल कोलकाता अपने सीने में अंग्रेजों के जुल्म से लेकर बंगाल के विभाजन के दर्द को भी समेटे हुए है। इस शहर की सड़कों पर जीवन की खुशियों से लेकर दरिद्रता की उदासी भी दिखाई देती है। बावजूद इसके यह ऐसा शहर है जहां जीवन के हर रंग हैं। हुगली नदी के किनारे बसा यह शहर सदियों से कवियों, लेखकों, फिल्म प्रोड्यसरों और नोबल पुरस्कार विजेता का जनक माना जाता है। एक बार इस शहर को देखने के बाद यहां की खूबसूरत यादें भुलाएं नहीं भूलतीं। कोलकाता में संस्कृति के कई रूप देखने को मिलते हैं। यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, मेट्रो, सर्कुलर रेल और ग्राउंड रेल यानी हर तरह की परिवहन सुविधा है। सियालदह स्टेशन भारत का सबसे बड़ा रेल हब है। कोलकाता का इतिहास ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय को भी दर्शाता है। 1690 में कोलकाता में पहली बार ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी आई थी और उसने 1772 में कोलकाता को अपनी राजधानी बनाया। जॉब चारनॉक को कोलकाता का जनक कहा जाता है। 1857 में यहां पहला आधुनिक भारतीय विश्वविद्यालय बना। स्वतंत्र संग्राम के दौरान आजादी के लिए राष्ट्रीय आंदोलन की शुरूआत भी यहीं से की गई थी। कोलकाता में देखने के लिए बहुत कुछ है। यहां का विक्टोरिया मेमोरियल को दूसरा ताजमहल माना जाता है। इसे कोलकाता की शान कहा जाता है। ब्रिटिश शासक लार्ड कर्जन ने रानी विक्टोरिया को समर्पित करते हुए सफ़ेद मकराना पत्थर से यह घर बनवाया था। आज यहां का बगीचा युवाओं के लिए बेहद लोकप्रिय जगह है। शाम में हिंदी और बंगाली में होने वाले साउंड और लाइट शो भी देखने लायक हैं।

# पुलिस मुठभेड़ पर भाकपा ने उठाया गंभीर सवाल, एचसी के आदेश की अवहेलना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रदेश सहित जनपद में पुलिस मुठभेड़ के ख़िलाफ़ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने पुलिस महानिर्देशक को पत्र भेजकर न्यायपालिका के आदेशों का सम्मान और पालन कराए जाने की माँग की है। राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने पुलिस महानिदेशक को पत्र लिख कर कहा है कि माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इलाहाबाद ने राजू उर्फ राजकुमार बनाम उत्तर प्रदेश सरकार की जमानत याचिका में दिनांक 28 जनवरी 2026 को आदेश पारित करते हुए कहा है कि फर्जी पुलिस मुठभेड़ मामले में पुलिस पार्टी पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाकर जांच किसी अन्य एजेंसी से कराए जाना चाहिए। जनपद में प्रकाशित न्यूज एजेंसियों के माध्यम से भी यह प्रतीत होता है कि जनपद में भी



कई फर्जी एनकाउंटर हुए हैं। जिसकी जाँच भी होनी चाहिए और पुलिस एनकाउंटर पार्टी पर प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज होनी चाहिए। राज्य परिषद सदस्य श्री सुमन ने पुलिस पार्टी पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करवाकर उसको सार्वजनिक करते हुए किसी अन्य एजेंसी से जांच करवाए जाने की मांग भी की है।

# सांड की चपेट में आने से युवक घायल, बाइक क्षतिग्रस्त

## प्रधान प्रतिनिधि ने दिखाई मानवता कराया इलाज परिजनों को दी सूचना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेही घाट बाराबंकी। जनपद के विकासखंड बनीकोडर के असंद्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत असंद्राऽदेवीगंज मार्ग पर खुशेहटी गांव के पास शुक्रवार को एक घुमंतू सांड की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार अनवर पुत्र मुनव्वर निवासी उचिटा थाना कोठी किसी जरूरी काम से असंद्रा जा रहे थे, तभी रास्ते में अचानक सामने आए सांड ने उन्हें टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी कि अनवर सड़क पर गिरकर घायल हो गए और उनकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।



सूचना मिलते ही प्रधान प्रतिनिधि सोनेंद्र विक्रम सिंह मौके पर पहुंचे और राहगीरों की मदद से घायल युवक को तुरंत सड़क से उठवाकर पास के निजी चिकित्सक के यहां इलाज के लिए भिजवाया। साथ ही घायल के परिजनों को भी घटना की सूचना दी गई। घटना के बाद क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या को लेकर ग्रामीणों में चिंता देखी जा रही है।

# बैंक प्रबंधन ने उपलब्ध कराया पाठ पुस्तकें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा कपूरथला के शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार गौतम ने शुक्रवार को पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी के बच्चों को एक दर्जन से अधिक प्रयोगात्मक पुस्तके उपलब्ध कराई। शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार गौतम ने लाइब्रेरी के बच्चो को लेखक नवीन शर्मा की लिखी जी एस निधि, लेखक एम लक्ष्मी कान्त की भारत की राज व्यवस्था , किरन पब्लिकेशन की उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती, अरिहनत पब्लिकेशन स्टेटिक जी के कैप्सूल, लेखक अंकुल वर्मा की उत्तर प्रदेश सामान्य ज्ञान, प्रतियोगिता दर्पण, अरिहनत पब्लिकेशन नेट, जेआरएफ, यूपी टेट, ए सी ई आर टी सार संग्रह सहित करीब एक दर्जन पुस्तके उपलब्ध कराते हुए कहा कि जिस तरह एक व्यवसायी को अपने व्यवसाय में लगन और मेहनत से सफलता मिलती है उसी तरह एक विद्यार्थी को अपनी पढ़ाई में लगन और मेहनत से सफलता मिलती है उन्होंने कहा कि सफलता की यात्रा हमेशा सीधी नहीं होती है। आपको कठिनाइयों और बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन आपको हार नहीं माननी चाहिए। आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए। बैंक मैनेजर अभिषेक कुमार गौतम ने कहा कि लगन, मेहनत, और दृढ़ इच्छाशक्ति से किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। यह एक सामान्य सत्य है जो जीवन के हर क्षेत्र में लागू होता है। जब आप किसी कार्य को पूरी लगन से करते हैं, तो आपको निश्चित रूप से सफलता मिलती है। यह केवल आपके प्रयास की बात नहीं है, बल्कि आपके समर्पण और प्रतिबद्धता की भी बात है।

इस मौक़े पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद, सुरज यादव, रामू यादव, मो0 आरिफ शाह अंगद कुमार गौतम, पप्पू गौतम, , शौरभ यादव, अंकित कुमार, पूजा यादव हर्षित कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

# रामसनेहीघाट में बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं पर भाकियू अंबावत ने खोला मोर्चा, सीएम को पत्र भेज की सख्त कार्रवाई की मांग

## सीसीटीवी कैमरे खोल सकते हैं डाक्टरों की अनुपस्थिति का राज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) रामसनेही घाट की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। क्षेत्र के एक किसान नेता ने अस्पताल की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर लिखित शिकायत की है।

भाकियू अंबावत जिला इकाई बाराबंकी में जिला महा सचिव दिनेश कुमार का आरोप है कि अस्पताल में कई कर्मचारी नियमित रूप से समय पर उपस्थित नहीं होते, जिससे मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सीएचसी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर ऐसे लापरवाह कर्मियों की पहचान की जाए और उनके विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एवं डाक्टरों द्वारा बाहर की दवाएं लिखी जा रही है। उन्होंने यह भी मांग की कि अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए निगरानी व्यवस्था को और मजबूत किया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। किसान नेता ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया, तो संगठन के लोग आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

स्थानीय लोगों ने भी इस मांग का समर्थन करते हुए कहा कि अस्पताल में समय पर डॉक्टरों और कर्मचारियों की उपलब्धता न होने से मरीजों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। जब इस संबंध में सीएमओ बाराबंकी से संपर्क करने की कोशिश की गई तो संपर्क स्थापित नहीं हो सका।

## बड़े बाबू को भावभीनी बिदाई, कार्य कुशलता की सराहना

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। उपनिबंधक कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक राजेशकुमार द्विवेदी को सेवानिवृत्ति पर स्थानीय एक लॉन में भावभीनी विदाई दी गई।रजिस्ट्री कार्यालय में लंबी समयावधि तक निर्विवाद सेवा देने वाले वरिष्ठ लिपिक की विदाई अवसर पर जनमानस भावुक दिखा।सब - रजिस्ट्रार अवधेश मिश्रा ने उनके अनुशासन, कार्यकुशलता और ईमानदारी की सराहना की। उन्होंने राजेश द्विवेदी को शॉल भेंट ,स्मृतिचिन्ह एवं बुके देकर सम्मानित किया। कनिष्ठ लिपिकों ने कहा कि बड़े बाबू ने उन्हें न केवल कार्य सिखाया, बल्कि जटिल मामलों को सरलता से निपटाने की कला भीसिखाईसेवा निवृत्त हो रहे राजेश द्विवेदी ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से आईजी मीनू सिंह, सदर सब-रजिस्ट्रार हरीश चतुर्वेदी, रजिस्ट्रार नगर कादम्बरी त्रिपाठी,सब-रजिस्ट्रार लीलापुर, पूर्व विधायक हरगोविंद सिंह, पूर्व वरिष्ठ लिपिक जवाहरलाल, पूर्व सहायक लिपिक अर्चना पांडेय सहित उनके परिजनोके अलावा एचपी नित्याही, मुकेश, सुधीर वर्मा, अनुरुद्ध कुमार, सर्वेश, रानू और अधिवक्ताओं में बार अध्यक्ष प्रेमचन्द्र पाल, वरिष्ठउपाध्यक्ष राजीवनयन तिवारी, महामंत्री मनीषश्रीवास्तव, नफीस अहमद, विकास श्रीवास्तव, प्रवीण पटेल,सुशांत वर्मा, के.के. मिश्रा, मनोज यादव,गणेश शंकर मिश्रा,अनीस अहमद,मो. फहद,मो.अनवशेख,शहाबुद्दीन, साक्षी श्रीवास्तव, नियाज़ वारिस, प्रिंस वर्मा, महेंद्र सिंह, राजेश श्रीवास्तव, स्टाम्प वेंडर आदित्य श्रीवास्तव सहित अनेक अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## देवरिया: पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया। पाक्सो एक्ट के वांछित एक अभियुक्त को थाना एएचटी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द कुमार पाण्डेय ने बताया कि कोतवाली में दर्ज पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त करन साहनी उर्फ करन शाह पुत्र अशोक साहनी को मुखबिर की सूचना पर देवरिया-सलेमपुर रोड स्थित जिला कारागार के पास से गिरफ्तार किया गया है। उक्त मामले में 5 मार्च 2025 को वादी ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। इस पर थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर जांच एएचटी थाना द्वारा की जा रही थी। बाद में 24 दिसम्बर 2025 को पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया था।

## फर्रुखाबाद के नगर मजिस्ट्रेट का आकस्मिक निधन

फर्रुखाबाद,3अप्रैल (हि.स.)। उत्तरप्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में कार्यरत सिटी मजिस्ट्रेट संजय बंसल का शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे आकस्मिक देहांत हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे प्रशासनिक तंत्र में शोक का वातावरण व्याप्त हो गया और अधिकारी-कर्मचारियों में गहरा दुख देखा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजय बंसल लंबे समय से उच्च रक्तचाप की समस्या से ग्रसित थे। गुरुवार दोपहर के बाद वे अवकाश लेकर फर्रुखाबाद से बाहर गए थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें नोएडा स्थित एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर रा.स.घाट कोतवाली की चौकी हथौंधा क्षेत्र के सुरजवापुर गांव के पास किसी वाहन की चपेट में आए स्थानीय प्रवेश वर्मा उर्फ गुड्डू (38) की दर्दनाक मौत हुई।प्रत्यदर्शियों के अनुसार शुक्रवार सुबह भोर मैंथा की फसल लगाने प्रवेश अपने खेतों को जा रहा था।तभी यह हादसा हुआ।सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

## लापता युवक का शव मिला हलचल, हत्या के आशंका

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बूढ़े माँ बाप एव परिवार की परवरिश के लिए प्रदेश कमाने गये युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव रेलवे ट्रैक पर मिलने की सूचना पर घर परिवार एव गाँव मे कोहराम मच गया परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर निवासी पूर्व प्रधान का पुत्र है जो मध्य प्रदेश मे एक रेलवे ठेकेदार के साथ काम करता था।

बताते चले कि मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम राजापुर निवासी पूर्व प्रधान जगदीश यादव का 31 वर्षीय पुत्र अरुण कुमार बीते एक वर्ष से एक रेलवे ठेकेदार के साथ कटनी मध्य प्रदेश में काम करता था गत 31 मार्च को चित्रकूट एक्सप्रेस से घर के लिए निकले युवक की अंतिम बार रात्रि करीब 10 बजे परिजनों से मोबाइल पर बात हुई उस समय अरुण बहुत घबराया हुआ था और अंतिम बार यही कहा कि मेरा किसी ने वीडियो बना लिया है तथा मेरी जान का खतरा है इसके बाद से अरुण कुमार का मोबाइल स्विच ऑफ़ हो गया परिजनों ने तमाम बार प्रयास किया लेकिन मोबाइल स्विच ऑफ़ मिला किसी अनहोनी घटना को लेकर चिंतित परिजनों ने रेलवे ठेकेदार से जानकारी ली तो ठेकेदार ने बताया कि अरुण कुमार को चित्रकूट एक्सप्रेस मे बिठा दिया गया था जो घर आ रहा है कटनी रेलवे स्टेशन से लखनऊ जंक्शन तक चित्रकूट एक्सप्रेस को पहुंचने मे 11 घंटा 20 का समय लगता है रात्रि 10 बजे से कटनी रेलवे स्टेशन से एक्सप्रेस रवाना होती है जो सुबह 9 बजकर 20 मिनट पर पहुंच जाती है अब सोचने वाली यह बात है कि कटनी रेलवे से चला अरुण कुमार क्या लखनऊ रेलवे स्टेशन तक आया कि नहीं आया क्योकि अरुण कुमार के मोबाइल की अंतिम लोकेशन गुरुवार की सुबह 8 बजे तक सक्रिय रहा। और उसी दिन अरुण कुमार का शव जहां से चला था उसी रेलवे स्टेशन के निकट ट्रैक पर पड़ा मिला जो मामले को कही न कही सोचने को मजबूर कर दे रही है। घटना के बाद से परिजनों मे हाहाकार मचा हुआ है पत्नी दो बच्चों सहित बूढ़े माँ बाप का रो रोकर बुरा हाल है परिजन शव को लेने के लिए कटनी मध्य प्रदेश गये हुए है।

## सांप काटने की घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत,सर्प ने दौड़ाकर मासूम को ड़सा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के प्रेमपुर गांव में मंगलवार को हुई सर्पदंश की घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। खेत से घर लौट रहे गौरी शंकर के 11 वर्षीय इकलौते पुत्र राज को एक सर्प ने दौड़ा कर डस लिया था। घटना के बाद परिजनों ने तत्काल उसे उपचार के लिए लखनऊ स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां कई दिनों तक इलाज चलता रहा।

शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान राज ने दम तोड़ दिया, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में मौजूद यह सर्प काफी आक्रामक है और लोगों को देखते ही दौड़ा लेता है। इसी कारण गांव में भय का माहौल बना हुआ है और लोग खेतों की ओर जाने से भी डर रहे हैं।

## प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी बैठक

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के मंडल प्रशिक्षण वर्ग की बैठक सीता देवी पीजी कॉलेज में हुई।जिसमें 4 और 5 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा की गई।प्रशिक्षण वर्ग शनिवार और रविवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित होगा। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देना था।इस बैठक में जिला कोषाध्यक्ष एवं वर्ग प्रमुख अवधेश शुक्ला और मंडल प्रभारी व पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष अवधेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को पूरे कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी दी।मंडल अध्यक्ष संदीप रावत और मंडल महामंत्री व वर्ग नियंत्रक अमित भैया राम जी भी बैठक में मौजूद थे।

## अनियंत्रित डंफर दमकल वाहन से से टकराया

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। अनेकानेक अप्रिय घटनाओं को अंजाम दे रहे तेज रफ्तार डंफर, बड़ी मुसीबत बनकर उभरे हैं। जिम्मेदार अधिकारी यानी अच्छी को लेकर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं। बेदर्दी भी डंफर संचालन का आज अग्निशमन सेवा भी शिकार हुई। कस्बे में पटेल चौराहे पर बड्डूपुर क्षेत्र में लगी आग बुझाने जा रही फायर ब्रिगेड की गाड़ी को मौरंग लदे तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। संयोग फायर ब्रिगेड कर्मी सुरक्षित बाल बाल बचे। प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार, डंपर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए फायर ब्रिगेड गाड़ी को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि फायर ब्रिगेड वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग दहशत में आ गए। बड्डूपुर क्षेत्र में लगी आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड टीम का समय पर पहुंचना बेहद जरूरी था, लेकिन इस हादसे के कारण राहत कार्य में कुछ देर की बाधा उत्पन्न हो गई।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

## सालाना उर्फ अकीकत से संपन्न

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के ग्राम छान्दवल स्थित हजरत गुलामरसूल शहीद की मजार पर बीती शाम सालाना उर्स अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर क्षेत्र के साथ-साथ दूर-दराज से बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे। जायरीनों ने मजार पर चादर पोशी कर परिवार की खुश हाली, तरक्की और देश में अमन-चैन की दुआएं मांगी।इस अवसर पर बसपा के ज़हीर अंसारी (जिला पंचायत प्रत्याशी, फतेहपुर पंचम), कमरुल हसन (पूर्व प्रधान, हजरतपुर), शहनूर (बीडीसी, उजरवारा), रईस अंसारी (बीडीसी), नन्कुन्ना (प्रधान, ग्राम छान्दवल), पप्पू लाल, मो. रईन, सद्दाम, डॉ. गुफरान और इलियास अंसारी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# समरस राष्ट्र बनाने के लिए राष्ट्रीय आंदोलन है आरएसएस: नरेन्द्र ठाकुर

कानपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी से पूर्व से ही आरएसएस सक्रिय है। संघ का मानना है कि आजादी तो मिल गई लेकिन अभी भी बहुत से कार्य बाकी हैं। इसीलिए आरएसएस संगठन के साथ राष्ट्र को समरस बनाने के लिए अपने को राष्ट्रीय आंदोलन के रुप में कार्य करता है। संघ का उद्देश्य सशक्त, संगठित व समरस राष्ट्र बनाना है। इसके लिए सभी का सहयोग व समर्थन चाहिए है, तभी सफलता मिलेगी। अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर शुक्रवार को कानपुर में संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, कानपुर प्रान्त की ओर से बेनाझाबर स्थिति एक निजी होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष में विविध प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह क्रम विजयादशमी 2025 से प्रारंभ हुआ था। इसके बाद पथसंचलन, व्यापक गृह संपर्क व हिन्दू सम्मेलन पूरे देश में हुए। आप सभी पत्रकारों में से कुछ समाचार लिखने वाले और कुछ इन विषयों पर सामग्री निर्माण करने वाले होंगे। इसलिए आपको संघ के बारे में जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संघ की 100 वर्ष की यात्रा में अनेक चरण आये। वर्ष 1925 में जब भारत अपनी स्वाधीनता के लिए संघर्ष कर रहा था, उस समय डॉ. हेडगेवार के मन में यह विचार आया कि हम स्वतंत्र तो हो जायेंगे, लेकिन यह स्वतंत्रता टिकी कैसे रहे, इसके लिए कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने विचार किया कि हम पिछले लगभग एक हजार वर्ष से संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन हम गुलाम ही क्यों हुए। तो उनको ध्यान में आया कि हमें अपने देश को संगठित और देशभक्त बनाने की आवश्यकता है। वो इस विचार को लेकर गांधीजी, सुभाष चन्द्र बोस और लोकमान्य तिलक जैसे उस समय के सभी महापुरुषों से मिले। उन्होंने कहा कि अधिकांश की प्राथमिकता थी कि पहले देश स्वतंत्र हो जाए, फिर इस पर भी विचार कर लेंगे। किन्तु डॉ. हेडगेवार का मानना था कि ये दोनों कार्य साथ-साथ चल सकते हैं। इसके बाद 1925 में डॉ. हेडगेवार ने संगठन बनाया, तब संघ का नामकरण भी नहीं हुआ था। यह नाम बाद में पड़ा। संघ को नाम या प्रसिद्धि की कामना नहीं है। हम सिर्फ दैनिक शाखा के माध्यम से समाज के प्रति संवेदनशील व व्यक्तिगत चरित्र निर्माण का कार्य करते हैं। सह प्रचार प्रमुख ने कहा कि देश में जब विभाजन की मांग शुरु हुई, तब संघ के प्रति आकर्षण भी बढ़ा। संघ का विरोध भी शुरु हुआ। हमारा कोई विरोधी नहीं है। वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। वह स्वाभाविक नहीं है। संघ पर आपातकाल में भी प्रतिबन्ध लगा था, लेकिन हम चुपचाप कार्य करने में विश्वास रखते हैं। आज संघ का काम समाज के सहयोग से बढ़ा है। पूरे देश में लगभग 55,700 स्थानों पर 89 हजार शाखाएं तथा लगभग 23 हजार स्थानों पर 32,600 से अधिक मिलन चल रहे हैं। संघ समाज में समस्या आने पर उसके समाधान की दृष्टि प्रदान करने का कार्य करता है। इस कार्य में 32 अखिल भारतीय संगठन हमारा सहयोग कर रहे हैं। प्रांतों में स्थानीय स्तर पर भी अनेक संगठन हैं। देशभर में 1.70 लाख नियमित सेवा कार्य चल रहे हैं।

# टोल प्लाजा हटाने को लेकर आंदोलन की चेतावनी, कांग्रेस का आरोप- सरकार के इशारे पर लूट

मीरजापुर। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मिशन कंपाउंड में शुक्रवार को आयोजित बैठक में अहरौरा स्थित कथित फर्जी टोल प्लाजा को हटाने और 20 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले लोगों को फ्री पास देने की मांग जोर-शोर से उठाई गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार सिंह पटेल ने कहा कि सरकार के इशारे पर जनता के परिश्रम की कमाई पर फर्जी टोल टैक्स के जरिए लूट की जा रही है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरोप लगाया कि इस मामले में सांसद और विधायक की मिलीभगत है, क्योंकि वे इस मुद्दे पर मौन साधे हुए हैं। उन्होंने घोषणा की कि इन मांगों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी 7 अप्रैल को दोपहर 12 बजे जिलाधिकारी कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करेगी। बैठक में मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है, किसान परेशान हैं और नौजवान बेरोजगारी से जूझ रहे हैं।

जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर चौबे और कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व प्रवक्ता छोटे खान ने शहर की बदहाल सड़कों का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि नगर की सड़कों की हालत इतनी खराब है कि लोगों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। रमईपट्टी से कनौरा मार्ग तक की सड़क की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने जिला प्रशासन से तत्काल सड़कों के निर्माण की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक में अनुसूचित जाति के प्रदेश महासचिव दुर्गा प्रसाद चौधरी और शहर अध्यक्ष डॉ. दिनेश चौधरी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पूर्व नपा चेयरमैन दीपचंद्र जैन, गुलाब चंद पांडेय, रमेश चंद प्रजापति आदि मौजूद थे।

# तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में 2,300 प्रतिनिधि, 300 विदेशी मेहमान शामिल हुए

कुशीनगर । कुशीनगर में आयोजित इंटरनेशनल बौद्ध कॉन्क्लेव 2026 का समापन बड़े स्तर पर भागीदारी और निवेश की मजबूत संभावनाओं के साथ संपन्न हुआ। तीन दिन तक चले इस आयोजन ने एक बार फिर उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास किया गया।

भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल पर आयोजित इस कॉन्क्लेव में 2,300 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक शामिल हुए। इनमें 2,000 से ज्यादा भिक्षु, विद्वान, नीति-निर्माता और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ थे, जबकि 300 से अधिक विदेशी मेहमान थाईलैंड, जापान, म्यांमार, भूटान और नेपाल जैसे देशों से पहुंचे। कॉन्क्लेव के दौरान पर्यटन से जुड़े क्षेत्रों में करीब 3,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावनाएं सामने आईं। होटल और रिजॉर्ट बनाने वाली कंपनियों, रियल एस्टेट डेवलपर्स, बायो-सीएनजी और फूड प्रोसेसिंग से जुड़े उद्योगों ने कुशीनगर में निवेश को लेकर रुचि दिखाई। यहां दो नए टाउनशिप विकसित करने की योजना पर भी चर्चा हुई, जिससे आने वाले समय में शहर के विकास को नई गति मिल सकती है।

कॉन्क्लेव में इस बात पर भी जोर दिया गया कि बौद्ध पर्यटन को सिर्फ तीर्थयात्रा तक सीमित न रखकर इसे सांस्कृतिक आदान-प्रदान, स्थानीय कारोबार और सतत विकास से जोड़ा जाए। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बेहतर सुविधाओं और कनेक्टिविटी को भी यहां प्रमुखता से पेश किया गया, जिससे विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कुशीनगर बौद्ध कॉन्क्लेव 2026 ने उत्तर प्रदेश को वैश्विक बौद्ध पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों और निवेशकों की भागीदारी यह दर्शाती है कि कुशीनगर अब आस्था के साथ-साथ निवेश का भी आकर्षक गंतव्य बन रहा है।

